


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 146 | बुधवार, 8 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया




## संक्षिप्त समाचार

### अमरनाथ: केवल एक फीट बची शिवलिंग की ऊंचाई

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बफार्नी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था।

### बंगाल से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए मतदान 24 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी है। ये सीटें राज्यसभा सदस्य सुखेन्दु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। नामांकन पत्रों की जांच 15 जुलाई को होगी। इन सीटों के लिए मतदान 24 जुलाई को होगा और मतगणना भी उसी दिन होगी।

### ब्राजील विश्व कप से बाहर नेमार ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी नेमार जूनियर ने अंतरराष्ट्रीर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। फीफा विश्वकप के राउंड-16 में रविवार रात नॉर्वे से 2-1 से हार के बाद उन्होंने यह घोषणा की। रविवार को हुए मैच में ब्राजील के लिए एकमात्र गोल करने के बावजूद नेमार अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए।

### रूस ने यूक्रेन पर किए हमले, 18 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने सोमवार तड़के यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन से कई चरणों में बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। इस हमले ने यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली में बढ़ती कमजोरियों को उजागर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, रूस द्वारा दागी गई सभी बैलिस्टिक मिसाइल अपने निर्धारित लक्ष्यों तक सटीक तरीके से पहुंचीं।

### छह दहशतगर्द पकड़े, भारी मात्रा में पेट्रोल बम-हथियार बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी को दहलाने की एक और बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने कुख्यात 'शहजाद भट्टी नेटवर्क' पर तगड़ा प्रहार करते हुए उसके दो अलग-अलग मॉड्यूल का सनसनीखेज पदार्फाश किया है। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई में दिल्ली और पंजाब के कई संवेदनशील ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर छह संदिग्ध आतंकियों व अपराधियों को दबोचा गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अवैध अत्याधुनिक पिस्तौलें और अत्यधिक खतरनाक पेट्रोल बम बरामद किए हैं।

### वेनेजुएला में 2,954 हुई भूकंप से जान गवांने वालों की संख्या

**काराकास।** वेनेजुएला के तटीय क्षेत्र में आए दो शक्तिशाली भूकंपों के 10 दिन बाद भी तबाही का मंजर बना हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़कर 2,954 हो गई है, जबकि लापता लोगों की संख्या 41,000 से अधिक बताई जा रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 16,000 से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति बोले-

# मोदी की कई योजनाओं को अपनाता हूं

## प्रबोवो सुबियांतो ने भारत की विकास नीतियों की सराहना की, कहा- समान चुनौतियों के कारण दोनों देश एक-दूसरे से सीख सकते हैं

### बोले: आपकी योजनाओं की नकल करता हूं, कॉपीराइट नहीं है

राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने अपने खास अंदाज में प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, मैंने आपके राजनीतिक सफर को देखा है और आपकी कई योजनाओं की नकल भी करता हूं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि अगर कोई योजना करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है और वह हमारे जैसी चुनौतियों वाले देश में सफल हो रही है, तो उसे अपनाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मुझे खुशी है कि आपकी योजनाओं पर कोई कॉपीराइट नहीं है, इसलिए मैं आपकी कई योजनाओं की कॉपी करता हूं। उनकी इस टिप्पणी के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच हंसी का माहौल बन गया और पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा।



■ नई दिल्ली

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की विकास यात्रा की जमकर प्रशंसा की है। जकार्ता में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में आयोजित राजकीय भोज के दौरान राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा कि वह भारत की कई विकास योजनाओं से प्रभावित हैं और उनमें से कई योजनाओं को इंडोनेशिया में भी अपनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत और इंडोनेशिया कई समान चुनौतियों का सामना करते हैं। दोनों देशों की आबादी बड़ी है, दोनों की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है और दोनों ही प्राकृतिक आपदाओं जैसी समस्याओं से जूझते हैं। ऐसे में भारत के सफल विकास मॉडल से सीखना इंडोनेशिया के लिए उपयोगी है। राष्ट्रपति प्रबोवो के इस बयान के दौरान वहां मौजूद अतिथियों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और भारत की विकास योजनाओं को लेकर सकारात्मक विचार व्यक्त किए। राष्ट्रपति प्रबोवो का यह बयान भारत की विकास योजनाओं के प्रति इंडोनेशिया की बढ़ती रुचि को दिखाता है। उन्होंने साफ किया कि उनका उद्देश्य भारत की नीतियों को अपनाकर उन्हें इंडोनेशिया की जरूरतों के अनुसार लागू करना है।

अपने संबोधन में राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच कई समानताएं हैं। दोनों देश दुनिया के बड़े लोकतंत्रों में शामिल हैं और दोनों की आबादी काफी अधिक है। बड़ी आबादी वाले देशों के सामने रोजगार, खाद्य सुरक्षा, कृषि विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने जैसी चुनौतियां रहती हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इन क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने भारत की डिजिटल प्रगति, गरीबों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच और विकास कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उनका कहना था कि भारत का अनुभव इंडोनेशिया के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया की ओर से देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों और प्रधानमंत्री मोदी के योगदान को देखते हुए दिया गया। इस सम्मान को भारत-इंडोनेशिया की दोस्ती और ऐतिहासिक संबंधों के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। भारत और इंडोनेशिया के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक आधार पर मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लगातार साझेदारी बढ़ रही है।

### भारत की योजनाओं और विकास मॉडल से सीख रहा इंडोनेशिया

राष्ट्रपति प्रबोवो ने बताया कि हाल ही में इंडोनेशिया का एक प्रतिनिधिमंडल भारत आया था। इस प्रतिनिधिमंडल ने भारत में कई क्षेत्रों का अध्ययन किया और विकास के अलग-अलग मॉडलों को समझने की कोशिश की। उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में भारत के प्रयोगों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल ने भारत में शुष्क भूमि को दोबारा उपजाऊ बनाने की तकनीकों और परमाकल्चर मॉडल का अध्ययन किया। परमाकल्चर ऐसी कृषि प्रणाली है जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए लंबे समय तक टिकाऊ खेती को बढ़ावा दिया जाता है। इंडोनेशिया इस क्षेत्र में भारत के अनुभवों को अपने यहां लागू करने की संभावनाएं तलाश रहा है। राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा कि इंडोनेशिया भारत से बहुत कुछ सीख सकता है और सीखने में उसे कोई संकोच नहीं है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे में कई समझौतों पर सहमति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर इंडोनेशिया पहुंचे हैं। दौरे के दौरान भारत और इंडोनेशिया के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी का इंडोनेशिया पहुंचने पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, रक्षा, डिजिटल तकनीक और क्षेत्रीय सहयोग को लेकर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और इंडोनेशिया हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण साझेदार माने जाते हैं और दोनों देश रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर काम कर रहे हैं।

# डांसर सपना चौधरी केस फाइल दूसरी अदालत में स्थानांतरित

■ जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के वर्ष 2019 में मुरादाबाद रेलवे स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े मामले में न्यायालय ने केस की फाइल दूसरी अदालत में स्थानांतरित कर दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

वादकर्ता डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा, निवासी गायत्री नगर मुरादाबाद ने अपने अधिवक्ता वैभव अग्रवाल के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 11 जून 2019 को रेलवे स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था फैल गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसमें कई लोगों के घायल होने का दावा किया गया है।याचिका में यह भी आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान निर्धारित समय के बाद भी ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया गया तथा सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और शहर में यातायात प्रभावित होने जैसे मुद्दे भी उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने पहले थाना सिविल लाइंस और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली।मामले की सुनवाई पहले एसीजेएम कोर्ट संख्या-5 में चल रही थी। शिकायतकर्ता के अनुसार पिछली सुनवाई में न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस बीच प्रशासनिक कारणों से केस की फाइल एसीजेएम कोर्ट संख्या-2 में स्थानांतरित कर दी गई, जिसके कारण निर्धारित तिथि पर बहस नहीं हो सकी।अब इस मामले में 27 जुलाई को नई अदालत में सुनवाई होगी।

### जयमाला को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी विदाई

**गुवाहाटी।** असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की सबसे प्रतिष्ठित गश्ती हथिनियों में से एक 66 वर्षीय जॉयमाला का शनिवार रात निधन हो गया। रविवार को वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उसे पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी। जॉयमाला कई दशकों तक काजीरंगा में वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा रही।

### करूर भगदड़ केस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को करूर भगदड़ मामले से जुड़ी डीएमके की याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि तमिलनाडु सरकार के कुछ मंत्री सीबीआई जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और मामले के गवाहों पर दबाव बनाया जा रहा है। डीएमके सचिव आरएस भारती की ओर से दाखिल याचिका में मांग की गई है कि जांच पूरी होने तक संबंधित मंत्रियों को सार्वजनिक बयान देने से रोका जाए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मंत्रियों के बयानों से गवाहों और जांच प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला और जस्टिस शील नागू की पीठ ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। डीएमके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने अदालत के सामने मामले की गंभीरता को रखा। करूर भगदड़ मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। डीएमके की याचिका पर सुनवाई के बाद यह तय होगा कि अदालत जांच प्रक्रिया को लेकर क्या निर्देश देती है।

# तृणमूल कांग्रेस के बैंक खातों पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

### अभिषेक बनर्जी के चार्टर्ड विमान के किराये पा पेंच

जांच का केंद्र तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के चार्टर्ड विमान के किराये के भुगतान, उसके स्रोत तथा तृणमूल के बैंक खातों से जुड़े वित्तीय लेनदेन हैं। तलाशी अभियान के दौरान केयरवेल एविएशन, उसके निदेशकों तथा एक कथित इलेक्टोरल ट्रस्ट से जुड़े परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया गया।

### पांच ठिकानों पर की छापेमारी

ENFORCEMENT DIRECTORATE

■ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के बैंक खातों और पार्टी फंड में हुए वित्तीय लेनदेन की जांच के तहत ईडी ने मंगलवार सुबह कोलकाता व इसके आसपास पांच ठिकानों पर छापेमारी की। राधाबाजार, साल्टलेक, अलीपुर, न्यूटाउन और हावड़ा में ईडी की अलग-अलग टीमों ने केंद्रीय बलों की मौजूदगी में तलाशी अभियान चलाया।

ईडी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में 150 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को एविएशन और ट्रैवल कंपनियों के माध्यम से संदिग्ध उद्देश्यों के लिए स्थानांतरित किए जाने के संकेत मिले हैं। एजेंसी इन लेनदेन की प्रकृति और धन के स्रोत की जांच कर रही है।

इस कंपनी से अभिषेक बनर्जी के लिए चार्टर्ड विमान की व्यवस्था होने की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास किया कि चार्टर्ड विमान के भुगतान के लिए इस्तेमाल की गई राशि का स्रोत क्या था और उसका तृणमूल के पार्टी फंड या अन्य वित्तीय लेनदेन से कोई संबंध था या नहीं।

जांच एजेंसी बैंक खातों के जरिए हुए लेनदेन और धन के प्रवाह की पड़ताल कर रही है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब तृणमूल के भीतर फंड को लेकर विवाद चल रहा है। पार्टी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने पहले बैंक खातों को फ्रीज करने का अनुरोध किया था, जिसे लेकर मामला कलकत्ता हाई कोर्ट में लंबित है। फिलहाल संबंधित खातों के डेबिट लेनदेन पर रोक लगी हुई है।

### खातों में बड़ी मात्रा में धनराशि मौजूद होने की जानकारी

सूत्रों के मुताबिक, संबंधित खातों में बड़ी मात्रा में धनराशि, सावधि जमा (एफडी) और अन्य निवेश मौजूद होने की जानकारी मिली है। इसी कारण ईडी पूरे वित्तीय लेनदेन और धन के प्रवाह की विस्तृत जांच कर रही है। ईडी उन आरोपों की भी जांच कर रही है, जिनमें दावा किया गया था कि पार्टी के खातों में अवैध वसूली और कथित कटमनी की रकम जमा की गई।

# अमित शाह से मिले टीएमसी के पूर्व राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय

» 24 जुलाई को होना है राज्यसभा के लिए मतदान

» भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज

■ कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कोलकाता दौरे के दौरान सोमवार देर शाम उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब पिछले महीने उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफे के साथ तृणमूल से भी त्यागपत्र दे दिया था।

राय अगस्त, 2024 में हुए बहुचर्चित आरजी कर कांड के बाद से ही तृणमूल सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मुखर रहे हैं। इन सबके बीच शाह से इस मुलाकात के बाद राजनीतिक हलकों में उनके भाजपा में शामिल होने या राज्यसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार व पार्टी में टूट के बीच हाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसदों के इस्तीफे के बाद बंगाल में राज्यसभा की खाली हुई तीन सीटों के लिए 24 जुलाई को चुनाव होना है। संयोग से सोमवार को ही चुनाव आयोग ने इन तीनों सीटों पर चुनाव कराने की घोषणा की है। हालांकि सुखेंदु शेखर राय ने स्पष्ट किया कि यह केवल शिष्टाचार भेंट थी। मुलाकात के दौरान राय ने गृह मंत्री को कई ऐतिहासिक और दुर्लभ स्मृति चिन्ह व उपहार भी भेंट किए। इनमें 1905 के बंग-भंग आंदोलन के दौरान बनाई गई अवनींद्रनाथ ठाकुर की प्रसिद्ध 'भारत माता' की चित्रकला की प्रतिकृति, उनके पिता शिवेंदु शेखर राय के संग्रह में सुरक्षित डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक दुर्लभ चित्र, शिवेंदु शेखर राय से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेज तथा उनका एक छायाचित्र शामिल था। इसे डॉ. मुखर्जी की जनसेवा, शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दायित्व का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज माना जाता है। सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान सुखेंदु शेखर राय ने बंगाल में शांतिपूर्ण एवं हिंसामुक्त चुनाव कराने के लिए गृह मंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

### राय ने शाह को ऐतिहासिक पत्र भी सौंपा

इसके अलावा राय ने शाह को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 5 अक्टूबर 1943 को उनके पिता शिवेंदु शेखर राय के नाम लिखा गया एक ऐतिहासिक पत्र भी सौंपा। इस पत्र में तत्कालीन बंगाल अकाल के दौरान राहत कार्यों में व्यस्तता, मालदा में एक कालेज की स्थापना की सिफारिश तथा उत्तर बंगाल का प्रस्तावित दौरा राहत कार्यों के कारण स्थगित करने का उल्लेख है।


# मुंबई तट पर फंसा विदेशी जहाज, कोस्ट गार्ड अलर्ट

## खराब मौसम और तेज हवाओं से टूटा लंगर, मनोरी बीच के पास पहुंचा मालवाहक जहाज एमटी अल जाफजिया

» मुंबई के मनोरी बीच के पास विदेशी मालवाहक जहाज समुद्र में फंसा

» खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण जहाज की लंगर चेन टूट गई

■ मुंबई



मुंबई के बोरीवली वेस्ट स्थित मनोरी बीच के पास एक विदेशी मालवाहक जहाज के फंसने से इलाके में हलचल मच गई। खराब मौसम और तेज समुद्री हवाओं के चलते निकारागुआ के झंडे वाला जहाज एमटी अल जाफजिया बहते हुए तट के करीब पहुंच गया। यह घटना 5 जुलाई की बताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय जहाज पर कोई क्रू सदस्य मौजूद नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलते ही भारतीय कोस्ट गार्ड और संबंधित समुद्री एजेंसियां सक्रिय हो गईं। अधिकारियों ने जहाज की स्थिति का निरीक्षण किया और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निगरानी शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में यह पाया गया कि जहाज पर कोई चालक दल मौजूद नहीं था और फिलहाल किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं है। एजेंसियां यह सुनिश्चित कर रही हैं कि जहाज से समुद्री पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे और उसे सुरक्षित तरीके से हटाने की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

**जहाज हटाने के लिए बनाई जा रही योजना:** समुद्री विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे मामलों में जहाज को हटाने के लिए मौसम, समुद्री लहरों और पानी के स्तर का ध्यान रखना जरूरी होता है। जल्दबाजी में जहाज को खींचने से नुकसान की संभावना रहती है। इसलिए अधिकारी सही समय और तकनीकी प्रक्रिया के आधार पर जहाज को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल मनोरी बीच के पास फंसे विदेशी मालवाहक जहाज की स्थिति नियंत्रण में है। कोस्ट गार्ड सहित अन्य एजेंसियां पूरे मामले पर नजर रख रही हैं और सुरक्षा के सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### तेज हवाओं के कारण टूटा जहाज का लंगर

जानकारी के अनुसार, समुद्र में मौसम खराब होने और तेज हवाओं की वजह से तीन विदेशी मालवाहक जहाज अपने तय स्थान से बहकर मुंबई के तटीय क्षेत्र की ओर आने लगे। इसी दौरान एमटी अल जाफजिया जहाज की लंगर चेन टूट गई और वह बहाव के साथ मनोरी द्वीप से करीब एक किलोमीटर दूर आकर फंस गया। समुद्र में पानी का स्तर कम होने के कारण जहाज आगे नहीं बढ़ सका और वहीं रुक गया। अचानक इतने बड़े जहाज को किनारे के पास देखकर स्थानीय लोगों में उत्सुकता बढ़ गई और कई लोग इसे देखने के लिए तट पर पहुंचने लगे।

अत्याधुनिक स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों से लैस है यह युद्धपोत

# स्वदेशी स्टेल्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि इसी हफ्ते नौसेना में होगी कमीशन

■ नई दिल्ली




भारतीय नौसेना इस सप्ताह विशाखापत्तनम में अपनी छठी प्रोजेक्ट 17ए स्वदेशी स्टेल्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि (एफ38) को औपचारिक रूप से नौसेना बेड़े में शामिल (कमीशन) करने जा रही है। इस युद्धपोत का डिजाइन नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई ने किया है। नौसेना के अनुसार, महेंद्रगिरि भारत की स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन और निर्माण क्षमता में लगातार बढ़ती विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह युद्धपोत आधुनिक तकनीकों से लैस है और देश की आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण क्षमता को और मजबूत करता है। महेंद्रगिरि में उन्नत स्टेल्थ फीचर्स दिए गए हैं, जिससे इसकी रडार पर पहचान (रडार सिग्नेचर) काफी कम हो जाती है और दुश्मन के लिए इसे ट्रैक करना कठिन होता है। इसमें बेहतर सर्वाइवेबिलिटी (जीवित रहने की क्षमता) और उच्च स्तर की ऑटोमेशन भी शामिल है।

यह फ्रिगेट आधुनिक कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शन सिस्टम (सीओडीओजी) से संचालित होती है, जिससे यह समुद्री अभियानों के पूरे दायरे में तेज गति से संचालन करने के साथ लंबी दूरी तक बिना रुके अभियान चलाने में सक्षम है। युद्धपोत में अत्याधुनिक और स्वदेशी हथियारों व सेंसरों का व्यापक संयोजन लगाया गया है। इसमें सतह से सतह और सतह से हवा मिसाइल प्रणालियां, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता, व्यापक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली तथा एकीकृत कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं।

### निर्माण में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग

भारतीय नौसेना के अनुसार, महेंद्रगिरि के निर्माण में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण में देशभर के अनेक उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, बल्कि भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को भी मजबूती मिली है। नौसेना ने कहा कि महेंद्रगिरि का कमीशन होना प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इस श्रेणी के जैसे-जैसे अधिक फ्रिगेट नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे, वे भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता को और मजबूत करेंगे तथा भारत को स्वदेशी युद्धपोत निर्माण में अग्रणी देशों की श्रेणी में स्थापित करेंगे।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री ताकत बढ़ेगी

नौसेना के अनुसार, महेंद्रगिरि नौसेना के लिए एक प्रभावशाली फोर्स मल्टीप्लायर साबित होगी। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में भी अगम भूमिका निभाएगी। इस स्टेल्थ फ्रिगेट का नाम पूर्वी घाट की महेंद्रगिरि पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है। नौसेना के मुताबिक, यह नाम दृढ़ता, शक्ति और अटूट संकल्प का प्रतीक है तथा भारतीय नौसेना की बढ़ती सामरिक क्षमता और आत्मनिर्भर भारत की रक्षा निर्माण यात्रा को भी प्रतिबिंबित करता है।

# मंदिर से चांदी की मूर्ति चोरी, 1.20 करोड़ का सामान गायब

» विजयपुरा जिले के मंदिर से 32 किलोग्राम वजनी चांदी की मूर्ति चोरी

» चोरी हुई मूर्ति की कीमत करीब 51.20 लाख रुपये आंकी गई



■ विजयपुरा

कर्नाटक के विजयपुरा जिले में स्थित प्रसिद्ध श्री पावड़ा बसवेश्वर मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने मंदिर से 32 किलोग्राम वजन वाली चांदी की मूर्ति चोरी कर ली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 51.20 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा मंदिर से अन्य कीमती सामान भी गायब मिला है, जिसकी कुल कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है।

यह घटना 5 और 6 जुलाई की मध्यरात्रि को मुददेबिहाल तालुक के बसारकोड गांव में हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंदिर प्रशासन और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।

### सुबह पूजा के समय खुला चोरी का मामला

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब चार बजे मंदिर के पुजारी जब मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे खुले हुए थे और ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाने पर चांदी की मूर्ति अपने स्थान पर नहीं मिली। इसके बाद मंदिर प्रबंधन को चोरी की जानकारी दी गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष करनादेप्पा बिरादार ने मामले की शिकायत मुददेबिहाल थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







## एक नजर

### बकाया मजदूरी मांगने पर बेटे की हत्या का आरोप, पिता ने पुलिस से मांगा इंसाफ

**बरेली।** बरेली में एक पिता अपने बेटे की मेहनत की कमाई पाने की उम्मीद में अब न्याय की गुहार लगा रहा है। फतेहगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धनतिया निवासी ओमकार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बकाया मजदूरी मांगने पर उसके बेटे देवेंद्र कुमार की बेरहमी से हत्या कर दी गई। ओमकार के अनुसार देवेंद्र पिछले करीब एक वर्ष से गांव के ही ऋतिक पुत्र जयपाल की ओला गाड़ी चलाता था। उसका वेतन 10 हजार रुपये प्रतिमाह तय था, लेकिन करीब नौ माह की मजदूरी, लगभग 90 हजार रुपये, बकाया थी। आरोप है कि जब देवेंद्र बार-बार अपनी मेहनताना मांगता था तो ऋतिक और उसका भाई राहुल उससे रंजिश रखने लगे। पिता का आरोप है कि 2 मार्च 2026 की सुबह राहुल ने फोन कर देवेंद्र को घर बुलाया और फिर उसे बरेली के पास वीआई टावर के निकट ले जाया गया।

# शादी और नौकरी का झांसा देकर दारोगा ने किया शोषण

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ एसएसपी दफ्तर पहुंची महिला ने की शिकायत, दारोगा समेत परिवार पर कार्रवाई की मांग

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस विभाग के एक उपनिरीक्षक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने, गर्भपात कराने, लाखों रुपये के जेवर हड़पने और मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया और आरोपी दारोगा व उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नई बस्ती माधोबाड़ी, थाना बारादरी निवासी पीड़ित महिला ने बताया कि वह वर्ष 2022 से पति से मतभेद के चलते अलग रह रही हैं। वर्ष 2025 में पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत करने बारादरी थाने पहुंची थीं, जहां उनकी मुलाकात थाने में तैनात दरोगा से हुई। आरोप है कि दरोगा ने पहले सहानुभूति जताई, फिर पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने और बाद में पत्नी से तलाक लेकर शादी करने का भरोसा दिया। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उन्होंने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि आरोपी दारोगा उसके घर आने-जाने लगा और करवा चौथ 2025 से उसके घर पर ही रहने लगा। इसी दौरान फरवरी 2026 में बेटे की शादी का बहाना बनाकर करीब आठ लाख रुपये के सोने के जेवर ले गया। जब महिला ने विरोध किया तो उसे धमकाया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर 12 मई 2026 को आरोपी ने जबरन गर्भपात की दवा खिला दी, जिससे तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

महिला के मुताबिक 23 मई 2026 को आरोपी दरोगा अपने बेटे और पत्नी के साथ उसके घर पहुंचा, जहां गाली-गलौज और मारपीट की गई। डायल 112 पर सूचना देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दारोगा पुलिस विभाग में अपने प्रभाव का डर दिखाकर लगातार उसे धमकाता रहा।शिकायत में यह भी कहा गया है कि 4/5 जुलाई 2026 की रात आरोपी के सड़क हादसे के बाद महिला ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, इलाज का खर्च उठाया, लेकिन अगले दिन अस्पताल पहुंचे उसके परिवार वालों ने महिला से अभद्रता की और आरोपी को अपने साथ ले गए। अब महिला ने एसएसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दारोगा, उसकी पत्नी और बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। न्याय कीगुहार लगाई है।

### गन्ना समिति परिसर में जागरूकता शिविर आज से

**बहेड़ी।** गन्ना किसानों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए उपयोगी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी देने के संबंध में आठ जुलाई से 11 जुलाई तक स्थानीय गन्ना समिति परिसर में जागरूकता एवं नामांकन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार के अनुसार शिविर में गन्ना विभाग द्वारा दस फीसद गन्ना किसानों को इस योजना से आच्छादित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में' खाद तो खाद, बीमा भी साथ' योजना की विस्तृत जानकारी के लिए विभिन्न बैंकों के अलावा इफ्को कंपनी का स्टाल भी लगाया जाएगा। समिति अध्यक्ष, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय राव समिति सचिव राजीव सेठ ने गन्ना किसानों तथा उनके परिजनों से योजना के बेहतर लाभ के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## कंपोजिट विद्यालय में चोरी: खिड़की की ग्रिल काटकर घुसे चोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुरहुरी स्थित कंपोजिट विद्यालय में रात बेखौफ चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने विद्यालय के कई कमरों के ताले तोड़कर जमकर तोड़फोड़ की और कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह उस समय हुई, जब स्कूल स्टाफ ड्यूटी पर पहुंचा। सरकारी विद्यालय में बड़ी चोरी की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विद्यालय के शिक्षक जाहिद खान ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7:15 बजे जब वह स्कूल पहुंचे, तो कार्यालय की खिड़की की ग्रिल कटी हुई मिली। अंदर जाकर देखा तो एलबीडी लैब, स्मार्ट क्लास रूम, किचन रूम और प्राथमिक सेक्शन की कक्षा-1 सहित कई कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने कमरों में रखा सामान बिखेर दिया और काफी देर तक स्कूल में रुककर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल विद्यालय प्रशासन नुकसान का आकलन कर रहा है और चोरी गए सामान की सूची तैयार की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षक ने तुरंत यूपी-112 को कॉल किया और मीरगंज के खंड शिक्षा अधिकारी अविनाश सिंह को भी अवगत कराया। सूचना पर मीरगंज थाना पुलिस, ग्राम प्रधान और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फोटो व वीडियो के जरिए साक्ष्य जुटाए। विद्यालय प्रशासन की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

## साइबर ठगी नेटवर्क पर प्रहार: बैंक खाते मुहैया कराने वाला शातिर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ 9 .08 लाख की ठगी के मामले में कार्रवाई, पीड़ित के 3 .54 लाख कराए गए वापस

**बरेली।** बरेली में साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी 9.08 लाख की साइबर ठगी से जुड़े मुकदमा संख्या 53/2025 में की गई है। पुलिस की तत्परता से पीड़ित को अब तक 3.54 लाख की रकम वापस भी दिला दी गई है।

थाना साइबर क्राइम पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता रामप्रताप को एक महिला ने स्वयं को सेना अधिकारी बताकर प्रॉपर्टी बिजनेस में निवेश का झांसा दिया था। फोन कॉल और चैट के जरिए विश्वास में लेकर उससे अलग-अलग बैंक खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की जांच में पुलिस ने मोबाइल नंबर, बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन का तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान सामने आया कि ठगी की रकम जिन खातों में गई, वे फर्जी तरीके से खुलवाए गए थे। इसके बाद पुलिस ने बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी चंदन कुमार दास को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह मजदूरों और अन्य जरूरतमंद लोगों के नाम पर खाते खुलवाकर साइबर ठगों को देता था और बदले में कमीशन लेता था।

आरोपी मूल रूप से दरभंगा, बिहार का निवासी है और वर्तमान में गुरुग्राम में रह रहा था। पुलिस ने बैंकों से समन्वय कर पीड़ित के 3.54 लाख वापस करा दिए हैं, जबकि शेष रकम की रिकवरी के प्रयास जारी हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जन्मदिन से लौट रहे परिवार की टैक्सी इको को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवती की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कॉलोनी, संजय नगर निवासी संजय शुक्ला की 24 वर्षीय बेटी कोमल शुक्ला की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसकी बहन, बेटा और ट्रैक्सी इको में सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सोमवार शाम पीलीभीत जिले के पूरनपुर क्षेत्र से लौटते समय जरा कोठी के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता संजय शुक्ला ने जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर बताया कि रविवार को उनकी बड़ी बेटी कोमल शुक्ला, छोटी बेटी झलक शुक्ला और कोमल का 5 वर्षीय बेटा सुशांत शुक्ला पूरनपुर में मामा के घर रिश्तेदारी में आयोजित एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। सोमवार रात तीनों टैक्सी इको से वापस बरेली लौट रहे थे। रास्ते में पीलीभीत जिले के जरा कोठी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी इको में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कोमल शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि झलक, सुशांत और इको में सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचानक हुई मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

## बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष शरीफ अली ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मो. शरीफ अली ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तथा सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष, बरेली के माध्यम से सौंपा है। अपने इस्तीफे में शरीफ अली ने कहा कि उन्होंने यह निर्णय अत्यंत पीड़ा और गंभीर वैचारिक मंथन के बाद लिया है। उन्होंने लिखा कि बसपा की स्थापना मान्यवर कांशीराम साहब ने 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के उद्देश्य से की थी, ताकि समाज के वंचित, शोषित, दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्गों को सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में पार्टी अपने मूल वैचारिक उद्देश्यों से भटकती हुई दिखाई दे रही है। शरीफ अली ने कहा कि 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की भावना के स्थान पर 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की नीति को प्राथमिकता दी गई, जिससे बहुजन आंदोलन की वैचारिक धार कमजोर हुई है। उन्होंने विशेष रूप से अल्पसंख्यक समाज, खासकर मुस्लिम समाज से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी गंभीर समस्याओं और घटनाओं पर पार्टी अपेक्षित मजबूती और मुखरता से अपनी बात नहीं रख सकी। उनके अनुसार सामाजिक न्याय का संघर्ष तभी सार्थक है, जब हर शोषित, वंचित और उत्पीड़ित वर्ग की आवाज को सम्मानपूर्वक बुलंद किया जाए।

शरीफ अली ने स्पष्ट किया कि उनका इस्तीफा किसी व्यक्तिगत कारण से नहीं, बल्कि अपने वैचारिक सिद्धांतों, सामाजिक न्याय, संविधान और बहुजन महापुरुषों के मिशन के प्रति प्रतिबद्धता के कारण है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, मान्यवर कांशीराम साहब तथा बहुजन महापुरुषों के विचारों और सामाजिक न्याय के मिशन के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अंत में अपना इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार किए जाने की मांग की है।

### साप्ताहिक बंदी घोषित करने की मांग

**बहेड़ी।** सुदूर पूर्व स्थित मुंडिया नबी बक्श बाजार को बुधवार के दिन साप्ताहिक बंदी घोषित किए जाने की मांग प्रशासन से की गई है। व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई के तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग की अगुवाई में एसडीएम इशिता किशोर से मिलने गये व्यापारियों का कहना था कि मुंडिया नबी बक्श बाजार में अपने अपने संस्थान चला रहे छोटे बड़े व्यापारी आपसी समझ से बुधवार के दिन दुकानें बंद रखते आ रहे हैं पर अब वे चाहते हैं कि बाजार बंदी को कानूनी अमलीजामा पहनाया जाए और बुधवार को कानूनी रूप से साप्ताहिक बंदी का दिन घोषित किया जाए व्यापारियों का कहना है कि एक दिन बाजार बंदी से व्यापारिक गतिविधियों में इजाफे के साथ साथ सभी को मानसिक व शारीरिक सुकून भी मिल सकेगा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


## मुंडिया नवी बक्स बाजार को बुधवार को साप्ताहिक बंदी घोषित करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी (बरेली)।** क्षेत्र के ग्राम मुंडिया नवी बक्स के व्यापारियों ने बाजार में नियमित रूप से प्रशासनिक स्तर पर साप्ताहिक बंदी लागू कराए जाने की मांग को लेकर सोमवार को तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री व तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग और नगर अध्यक्ष सलीम रहवर के नेतृत्व में अधिकारियों को दिया गया।

ज्ञापन में मुंडिया नवी बक्स के समस्त पंजीकृत व्यापारियों ने अवगत कराया कि वे सभी पिछले कई वर्षों से आपसी सहमति से प्रत्येक बुधवार को अपनी-अपनी दुकानें व व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखते आ रहे हैं। व्यापारी स्वेच्छा से इस साप्ताहिक अवकाश का पालन कर रहे हैं, लेकिन अब वे चाहते हैं कि इस व्यवस्था को पूरी तरह से प्रशासनिक और कानूनी रूप दिया जाए ताकि यह सरकारी अभिलेखों में भी दर्ज हो सके। व्यापारियों ने एसडीएम से मांग की है कि नियमों के तहत मुंडिया नवी बक्स बाजार के लिए बुधवार को आधिकारिक रूप से साप्ताहिक बंदी का दिन घोषित करने की अनुमति प्रदान की जाए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि साप्ताहिक बंदी से छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को भी मानसिक व शारीरिक विश्राम मिलता है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां और अधिक सुदृढ़ होती हैं। तहसील दिवस में ज्ञापन सौंपने के दौरान मुंडिया नवी बक्स के प्रमुख व्यापारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनमें मो० वासिम मो० साकिर मो० अनस मो० फैजान मो० अशरफ दीपक रस्तोगी शिव किशोर जिलानी भाई शाकिर भाई मो० सारिक से राईस अहमद तथा मुदस्सिर हसन आदि शामिल रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक भीषण हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा लभारी पुलिस चौकी के पास स्थित रेलवे फाटक के समीप उस समय हुआ, जब वहां से गुजर रही पठानकोट स्पेशल एक्सप्रेस की चपेट में अधेड़ आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ग्रामीण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जब शिनाख्त की कोशिश की, तो मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही ग्राम मनकरा निवासी अनोखेलाल (54 वर्ष) पुत्र पीतम के रूप में हुई।

## चार माह बाद बुझ गया घर का चिराग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शादी के कुछ ही महीनों बाद एक नवविवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच तेज कर दी है। अब पहले से दर्ज मुकदमे में दहेज हत्या की धाराएं बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कैंट थाना क्षेत्र के उमरसिया निवासी प्रीति की शादी चार महीने पहले हुई थी। मृतका के पिता रामवीर, निवासी बेहटी, सुभाषनगर का आरोप है कि विवाह में करीब 15 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद ससुराल पक्ष दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर 14 जून को पति धर्मेंद्र, ससुर ज्वाला प्रसाद और सास कमला देवी ने प्रीति के साथ गंभीर अत्याचार किया और तेजाब पिलाया था । परिजनों के मुताबिक घटना की सूचना मिलने पर वे बरेली पहुंचे, जहां निजी अस्पताल में भर्ती प्रीति ने स्वयं ससुराल पक्ष पर आरोप लगाए। इसके बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने उत्पीड़न से जुड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। करीब तीन सप्ताह तक चले इलाज के बाद सोमवार शाम प्रीति की मौत हो गई। सूचना पर कैंट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर केस में दहेज हत्या की धारा जोड़ी जाएगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।






## अस्थायी कर्मियों की समस्याओं पर उपश्रमायुक्त कार्यालय में वार्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली स्थित बरेली कॉलेज के अस्थायी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपश्रमायुक्त कार्यालय में सोमवार को दोनों पक्षों के बीच वार्ता आयोजित की गई। यह वार्ता कर्मचारी कल्याण सेवा समिति, बरेली कॉलेज के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा और सचिव हरीश मौर्य द्वारा की गई शिकायत के आधार पर तय की गई थी।

वार्ता में कॉलेज प्रबंधन की ओर से लिपिक मोहित और अरशद हुसैन उपस्थित हुए। कर्मचारियों की ओर से न्यूनतम वेतन, ग्रेच्युटी, वेतन-वृद्धि, बोनस और अन्य श्रम सुविधाएं न दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वर्षों से कार्य करने के बावजूद उन्हें न तो नियमानुसार वेतन-वृद्धि दी जा रही है और न ही ग्रेच्युटी व अन्य वैधानिक लाभ मिल पा रहे हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद सहायक श्रमायुक्त बालगोविंद ने कॉलेज प्रबंधन से संबंधित सभी अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बोनस को वेतन में समाहित किए जाने सहित अन्य अनियमितताओं पर स्पष्ट जवाब दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तिथि तय की गई है।

## कैंट के वीरांगना चौराहे पर ट्रक की टक्कर से मर्चेंट नेवी इंजीनियर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में मर्चेंट नेवी शिप इंजीनियर ऋषि अरविंदो की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके दोस्त शुभम पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा वीरांगना चौराहे के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी।

कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर के अनुसार सुबह करीब पौने चार बजे सेंट मारिया स्कूल के पास सड़क पर एक युवक के पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा,



मृतक मर्चेंट नेवी शिप इंजीनियर ऋषि अरविंदो का फाइल फोटो।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने फोटो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की। इसी दौरान जानकारी मिली कि हादसे में एक अन्य युवक शुभम पाठक भी घायल हुआ है, जिसका इलाज शाहदाना के पास एक निजी अस्पताल में चल रहा है। होश में आने पर शुभम ने पुलिस को बताया कि वह और ऋषि रात स्कूटी से घूमने निकले थे। वीरांगना चौक के पास पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिरकर बेहोश हो गए। बाद में परिजनों ने ऋषि की पहचान नवादा जोगियान, दुर्गा नगर निवासी के रूप में की। वह एक निजी शिप कंपनी में इंजीनियर था और अवकाश पर घर आया हुआ था। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है।

**आवश्यकता है**
उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

# डीएम ने एमओआईसी सैदनगर का सात दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

- **आयुष्मान गोल्डन कार्ड की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से जनपद में आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान पूर्व में आयोजित बैठकों में कई बार अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कई विकास खंडों एवं विभागों की प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। इस पर उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को एमओआईसी बिलासपुर के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही एमओआईसी सैदनगर का सात दिन का वेतन काटने, कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा संबंधित शहरी नोडल अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एमओआईसी शाहबाद को जिलाधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश भी दिए गए।पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति पर एडीओ पंचायत चमरौआ का 15 दिन का वेतन काटने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आईसीडीएस विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सीडीपीओ बिलासपुर एवं सीडीपीओ चमरौआ का प्रभार वापस लेकर किसी अन्य अधिकारी को सौंपने तथा सीडीपीओ सैदनगर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए गए।पूर्ति विभाग की समीक्षा में चमरौआ एवं सैदनगर ब्लॉकों का प्रभार संभाल रहे अधिकारियों की प्रगति भी असंतोषजनक पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण अभियान को सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### किशोरी को अगवा करने के मामले में केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में अपहरण के मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर निवासी रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 6 जुलाई 2026 की सुबह करीब 4 बजे उनकी 19 वर्षीय बेटी निशा का अपहरण कर लिया गया है।पीड़ित पिता का आरोप है कि ग्राम मिलक गुलाम अली निवासी राजकुमार नामक युवक उनकी बेटी को बहला–फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। बेटी के अचानक गायब होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रामेश्वर ने शाहबाद थाने में प्रार्थना–पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपनी बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, ताकि आरोपी का पता लगाकर किशोरी को बरामद किया जा सके

### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस – 5 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को जनपद स्तरीय महिला सुरक्षा दल एवं जनपद के सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन आदि के बारे में बताया।

# विवाहिता की मौत पर नर्सिंग होम में परिजनों ने किया हंगामा, ओटी सील

## परिजनों ने लगाया चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप, रो-रो कर बुरा हाल



जिला अस्पताल में खड़े मृतका के परिजन व मृतका सोनी का फाइल फोटो।



डिग्री कॉलेज स्थित हबीब नर्सिंग की ओटी सील करने के बाद खड़े डिप्टी सीएमओ व अन्य।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना गंज क्षेत्र डिग्री कॉलेज स्थित हबीब नर्सिंग होम में विवाहिता की मौत हो गई। मौत होने पर गुस्साएं परिजनों ने नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुस्साएं परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। उधर मौत होने के बाद संचालक, स्टॉफ के संग मौके से फरार हो गया। महिला की मौत होने के बाद डिप्टी सीएमओ डॉ.संतोष कुमार ने नर्सिंग होम के आपरेशन थिएटर और वार्डों पर सील लगा दी है।

> नर्सिंग होम का आपरेशन थिएटर और वार्ड को सील करा दिया गया है, शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। चिकित्सक मौके से फरार है, जैसे ही मिलेगा बाकी की बातचीत में आगे पता चलेगा कि मौत का कारण क्या रहा। –**डॉ.दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।**

शहर के मोहल्ला निवासी तकिया मुबारक शाह निवासी जुनैद की पत्नी सोनी सोमवार की शाम तबीयत खराब हुई। ऐसे में परिजन घबराकर आनन फानन में नर्सिंग होम लेकर पहुंचे। जहां डॉ.अजीम नकवी और पत्नी हिना नकवी ने सोनी को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। परिजनों का आरोप है कि दोनों ही डॉक्टरों ने बहुत ही उतावले पन में लापरवाही से उपचार किया, जल्दबाजी में कई इंजेक्शन लगा दिए जिससे सोनी की हालत बिगड़ गई और नर्सिंग होम में ही तड़पने लगी। चिकित्सकों की लापरवाही से विवाहिता की मौत हो गई। यह देख परिजनों का पारा चढ़ गया, मौत होने पर अस्पताल में हंगामा करने लगे। कुछ ही देर हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को समझा बुझाकर शांत कराया। परिजनों ने इस मामले में दोनों चिकित्सक के खिलाफ पुलिस और सीएमओ को तहरीर दी है।

### सोनी का चार साल पहले हुआ था आपरेशन

मृतक सोनी के पति जुनैद ने बताया कि चार साल पहले आपरेशन हुआ था। जिसमें दो टांके पके गए थे, इसमें पस आ रहा था। इस पर हबीब नर्सिंग में तैनात डॉ.हिना नकवी ने परिजनों को आश्वासन दिलाया कि इसमें चीरा लगेगा और सारा पस बाहर आ जाएगा। दो हजार रुपये लेने के बाद भर्ती कराया गया। तो चीरा लगाने को बेहोशी का इंजेक्शन लगाया तो सोनी उठ नहीं पाई। बताया कि सोनी के दो बच्चे है जिसमें एक चार, दूसरा पांच साल का बच्चा है। सोनी की मौत होने पर परिजनों का बुरा हाल है।

### किराए की डिग्री पर संचालित हो रहे नर्सिंग होम

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की अनदेखी के कारण जनपद में किराए की डिग्री लेकर नर्सिंग होम का संचालन हो रहा हैं। ऐसे में अप्रशिक्षित चिकित्सक लोगों को मौत में मुंह में धकेलने का काम कर रहे हैं। जबकि जिम्मेदारों को चाहिए कि पंजीकरण के समय सारी नियमों की जानकारी अच्छी तरह से जांच करें। लेकिन इन नियमों को अनदेखा कर किराए की डिग्री पर चिकित्सक लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे में इन पर कार्रवाई के बजाए खुली छूट दी जा रही है।

# पिकअप से 20 क्विंटल प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद

- **नरपत नगर दूंदावाला के पास पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चालक गाड़ी छोड़कर फरार**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में पुलिस ने अवैध तस्करी करने वालों को पकड़ लिया है। उप निरीक्षक आदर्श गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर उत्तराखंड की ओर से स्वार आ रही एक पिकअप गाड़ी को रोका।

तलाशी लेने पर गाड़ी से लगभग 20 क्विंटल प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद हुई है। हालांकि, पुलिस को देखकर पिकअप चालक चकमा देकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा।उप निरीक्षक आदर्श कुमार गुप्ता ने बताया कि फरार पिकअप चालक के खिलाफ वन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया और बरामद खैर की लकड़ी समेत पिकअप गाड़ी को अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस अब फरार चालक की तलाश में जुट गई है।कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिबंधित खैर की लकड़ी की तस्करी या किसी भी तरह के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



पुलिस द्वारा पकड़ी गई 20 क्विंटल प्रतिबंधित खैर की लकड़ी। –जागरण मोर्चा

# आजम खां के खिलाफ अपील पर बहस पूरी, 18 को आएगा फैसला

- **हेड स्पीच मामले में गवाह के नहीं पहुंचने पर वारंट जारी**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** मंगलवार को सेशन न्यायालय में आजम खां के खिलाफ दायर अपील पर बहस पूरी हो गई है। न्यायालय ने फैसला के लिए 18 जुलाई मुकर्रर की है। वर्ष 2019 में आप नेता फैसल खां लाला ने थाना कोतवाली में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था

आजम खां ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी और अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। यह मुकदमा मजिस्ट्रेट न्यायलय में विचाराधीन रहा। लेकिन दो माह पहले आजम खां को मुकदमे से बरी कर दिया। मजिस्ट्रेट न्यायालय के खिलाफ फैसल खां लाला ने सेशन न्यायालय में अपील दायर की। जिस पर लगातार सुनवाई हुई। मंगलवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद न्यायालय ने फैसले के लिए 18 जुलाई तय कर दी है। जबकि जमीन कब्जाने के तीन मामलों में मंगलवार को रिकार्ड न्यायालय में नहीं आने की वजह से 14 जुलाई लगा दी गई है।

इसके अलावा मजिस्ट्रेट न्यायालय में शुतरखाना चौराहे पर आजम खां ने जनसभा को संबोधित करते हुए महिलाओं को लेकर दिए आपत्तिजनक भाषण में गवाह के नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। गवाह का वारंट जारी है। इसी न्यायालय में रामपुर पब्लिक स्कूल मामले में एबीएसए बिजनौर की गवाही न होने की वजह सुनवाई नहीं हो सकी।

# सांसद प्रतिनिधि ने इज्जतनगर मंडल की बैठक में उठाए मुद्दे



सांसद प्रतिनिधि को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के अधिकृत प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट महबूब अली पाशा ने सोमवार को बरेली स्थित पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के इज्जतनगर मंडल की डिवीजन कमेटी बैठक में हिस्सा लिया। जिले से जुड़ी वर्षों पुरानी रेलवे समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

बैठक में उन्होंने रेल यात्रियों, किसानों, व्यापारियों, दैनिक यात्रियों एवं आम जनता की सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।बैठक पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में इज्जत नगर स्थित यांत्रिक कारखाना सभागार में आयोजित की गई। बैठक में इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी अपनी पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। इसलिए उन्होंने अपने अधिकृत प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा को पूर्ण अधिकार देकर बैठक में भेजा।बैठक प्रारंभ होने से पहले महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने एडवोकेट महबूब अली पाशा का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बैठक में महबूब अली पाशा ने सबसे पहले केमरी रेलवे स्टेशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां प्रतिदिन हजारों लोग यात्रा करते हैं, लेकिन महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव न होने से स्थानीय जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ट्रेन संख्या 15036 रानीखेत एक्सप्रेस तथा 15034 उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का केमरी रेलवे स्टेशन पर स्थायी ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की। तहसील स्वार, टांडा, शाहाबाद तीनों ही तहसीलों में रेल मार्ग नहीं है। आजादी के समय से इन तहसीलों में रेल मार्ग रेल मार्ग नहीं है जल्द से जल्द तीनों तहसीलों में रेल मार्ग बनाया जाए। जिससे कि यहां के लोग रेलवे की सुविधाओं का लाभ उठा सकें।बैठक में रामपुर-केमरी मार्ग पर चमरौआ के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग का मुद्दा भी उठाया।इसके अलावा बिलासपुर क्षेत्र के राजपुर रेलवे क्रॉसिंग तथा ईशानगर रेलवे क्रॉसिंग पर भी लगातार लगने वाले ट्रैफिक जाम का मुद्दा उठाते हुए वहां भी ओवरब्रिज अथवा अंडरब्रिज बनाए जाने की मांग रखी गई।

# सार्वजनिक शौचालय बना शोपीस, सुविधाएं नदारद



सार्वजनिक शौचालय पर लगा जर्जर दरवाजा।





सैजनी नानकार स्थित सार्वजनिक शौचालय।

- **सैजनी नानकार में बना सार्वजनिक शौचालय बदहाल की स्थिति में**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

> यह मामला उनकी जानकारी में नहीं है उन्होंने आश्वासन दिया कि शौचालय का शीघ्र निरीक्षण कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। – **अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी।**

**रामपुर।** सैजनी नानकार गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बना सार्वजनिक शौचालय बदहाल स्थिति में है। शौचालय में न तो दरवाजे है न ही पानी की व्यवस्था और अंधेरा छाया हुआ है कई स्थानों पर टूट-फूट के कारण अनउपयोगी हो गया है, जिससे ग्रामीणों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

प्रभारी मंत्री, सांसद और विधायक विकास कार्यों और निगरानी के लगातार दावे करते हैं। लेकिन सैजनी नानकार में बना सार्वजनिक शौचालय की बदहाली इन दावों की सच्चाई उजागर हो रही है। यहां के लोगों का कहना है कि शौचालय बनने के शुरुआती कुछ महीनों तक स्थिति ठीक थी। हालांकि, बाद में पानी की टोटियां चोरी हो गईं और दरवाजे टूटकर गायब हो गए। वर्तमान में यहां न पानी की टंकी है, न बल्ब और न ही इसकी देखरेख करने वाला भी कोई नहीं हैं।

शौचालय के पास एक मजार है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में इन लोगों को भी खुले में शौच करना पड़ता है, जिससे स्वच्छता और जन स्वास्थ्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### 100 केवीए का ट्रांसफार्मर में आई खराबी, लोग परेशान

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला फूलो वाली बगिया में 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बेलदरान, मंदिर वाली गली, घेर आजम खां के उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कराकर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर से 100 केवीए का लोड़ जोड़ दिया गया है। ऐसे में 250 केवीए पर 100 केवीए का अत्याधिक लोड होने पर उपभोक्ताओं की दुश्वारियां बढ़ सकती है।



फूलो वाली बगिया में रखा खराब ट्रांसफार्मर।

# महिला अस्पताल में नेट सेवा एक घंटे को रही बाधित



जिला महिला चिकित्सालय काउंटर कक्ष।

- **केबल क्षतिग्रस्त होने पर हाथ से बने 28 रोगियों के पर्चे**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पुरूष के बाद जिला महिला अस्पताल की नेट सेवा एक घंटे के लिए बाधित हो गई। नेट के नहीं चलने से काउंटर पर रोगी महिलाओं की लाइन लगी। ऐसे में वाईफाई के तार क्षतिग्रस्त होने पर हाथ से काउंटर पर पर्चे बने।

दरअसल जिला अस्पताल के जनरेटर रूम के पास लगे सेमल के पेड़ रविवार को हुई थी। कटाई होने से बीएसएनएल के केबल क्षतिग्रस्त हो गए। सोमवार को पुरूष अस्पताल में दो घंटे तक इंटरनेट सेवा बाधित हो गई थी। मंगलवार को महिला अस्पताल में इंटरनेट सेवा बाधित हो गई। एक घंटे तक 28 रोगियों के हाथ से पर्च बने। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अनवर सादात ने बताया कि पेड़ की कटाई होने की वजह से केबिल क्षतिग्रस्त हो गई थी। तत्काल ही बीएसएनएल कार्यालय फोन करके बताया गया तो थोड़ी देर बाद ही कर्मचारियों में केबिल में आई खराबी को सही कर दिया। इस दौरान जब तक 28 रोगियों के पर्चे काउंटर पर हाथ से बनवाए गए।

**तैयारियां** श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने के दिए निर्देश

# एसपी ने पंजाबनगर मंदिर का किया निरीक्षण



पंजाब नगर मंदिर का निरीक्षण करते एसपी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पंजाबनगर शिव मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के साथ आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पंजाबनगर शिव मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को कांवड़ यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने, प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### रूट डायवर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

**रामपुर।** एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक के साथ आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न करानेके दृष्टिगत उत्तराखंड सीमा, रूद्रविलास, काशीपुर क्षेत्र में कांवड़ मार्ग एवं प्रस्तावित रूट डायवर्जन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कांवड़ यात्रियों की सुगम एवं सुरक्षित आवाजाही, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, डायवर्जन व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये गये ।

# फैमिली आईडी की रफ्तार कम होने पर ईओ ने जताई नाराजगी

## मंगलवार को बारिश होने की वजह से नहीं बन पाई फैमिली आईडी




### फैमिली आईडी कैसे बनवाएं

किसान कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, पंचायत सहायकों अथवा किसी भी जन सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वे familyid.up.gov.in पोर्टल पर स्वयं भी पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के उपरांत ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित खंड विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में संबंधित अधिशासी अधिकारी द्वारा सत्यापन किए जाने के बाद 12 अंकों की फैमिली आईडी जारी की जाती है।

### फैमिली आईडी के यह है लाभ

- परिवार की एक डिजिटल पहचान स्थापित होती है।
- परिवार रजिस्टर की नकल की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि इसमें परिवार के सभी सदस्यों का विवरण दर्ज रहता है।
- आयुष्मान भारत, उज्ज्वला सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलती है।
- आय, जाति, निवास तथा जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया सरल होती है।
- पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति तथा किसानों को सरकारी सब्सिडी एवं कृषि उपकरणों का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलती है।
- जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, वे भी फैमिली आईडी के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहरी क्षेत्र में फैमिली आईडी की रफ्तार कम होने पर ईओ ने काफी नाराजगी जताई है उन्होंने सभी को निर्देशित किया प्रत्येक कर्मचारी फील्ड में जाकर कम से कम 50 आईडी अवश्य बनाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को बारिश होने की वजह से फैमिली आईडी नहीं बन पाई। जबकि सोमवार को पालिका के आंकड़ों के आधार पर कर्मचारियों ने कुल 68 आईडी बनाई थी।

केंद्र, प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का हर तबके के लाभ मिले। उत्तर प्रदेश फैमिली आईडी एक 12 अंकीय डिजिटल पहचान संख्या है। यह एक परिवार, एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रदान की जा रही हैं। यह आईडी प्रदेश सरकार की 76 से अधिक योजनाओं और रोजगार के अवसरों से परिवारों को जोड़ने में सहायक है। जिन परिवार के पास राशन कार्ड है उनका राशन कार्ड नंबर ही फैमिली आईडी के रूप में मान्य होगा। अन्य परिवार के लिए पंजीकरण प्रक्रिया लगातार जारी है। आईडी के लिए शहर के सभी वार्डों में अधिक से अधिक कैंपों का आयोजन किया जाए। ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ा सा सके।

**किसानों के लिए फैमिली आईडी बनवाना अनिवार्य**

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने जनपद के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों से अपील की है कि जिन किसानों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, वे शीघ्र अपनी फैमिली आईडी बनवा लें। जनपद में ऐसे लगभग 25 हजार किसान हैं, जिनके लिए फैमिली आईडी बनवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फैमिली आईडी स्वयं एंड्रॉयड मोबाइल फोन के माध्यम से, निकटतम जन सेवा केंद्र, पंचायत सहायक अथवा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की सहायता से बनवा सकते हैं। इसमें आवश्यक दस्तावेज अपलोड होंगे। फैमिली आईडी बनवाने के लिए परिवार के मुखिया एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। उप कृषि निदेशक ने सभी पात्र किसानों से समय रहते फैमिली आईडी बनवाने की अपील की है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

## सड़क हादसे में कोचिंग जा रहे छात्रों सहित तीन घायल

**सैदनगर।** थाना क्षेत्र के तहत जौहर यूनिवर्सिटी रोड पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां कदम शरीफ के सामने दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भीषण टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के सींगनखेड़ा मझरा हाशम गंज निवासी अर्श और खौद निवासी मुर्तजा अपनी मोटरसाइकिल से कोचिंग के लिए निकले थे। जैसे ही वे जौहर यूनिवर्सिटी रोड स्थित कदम शरीफ के पास पहुंचे, सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए।उन पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।दुर्घटना होते ही मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इंसानियत दिखाते हुए तुरंत घायलों को संभाला।एक निजी वाहन की व्यवस्था कर उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, तीनों युवकों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसके कारण उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिवारों में कोहराम मच गया है और वे अस्पताल की तरफ दौड़े।

## सार संक्षेप

### रितेश त्रिवेदी बने सर्किल डेलीगेट



रितेश त्रिवेदी स्वागत करते।

**रामपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन, बरेली मॉड्यूल के अंतर्गत परिक्षेत्र के जुझारू, कर्मठ एवं संगठन के प्रति समर्पित साथी कॉमरेड रितेश त्रिवेदी को रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव कॉमरेड धनराज, बरेली मॉड्यूल के उप महामंत्री कॉमरेड नवींद्र कुमार की सहमति के बाद लखनऊ मंडल के महामंत्री कॉमरेड डॉ. दिनेश कुमार सिंह द्वारा सर्किल डेलीगेट के रूप में मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रति कॉमरेड रितेश त्रिवेदी की निरंतर सक्रियता, निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट संगठनात्मक योगदान का सम्मान है। उन्होंने सदैव कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अनुभव, कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता से रामपुर क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी। सदस्य हितों की आवाज़ को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

### रेस्क्यू करके 6 बच्चों को कराया मुक्त

**रामपुर।** थाना एएचटीयू पुलिस, श्रम विभाग,चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जनजागरुकता अभियान चलाया गया। दौराने चेकिंग अभियान थाना कोतवाली एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत होटल ढाबा, टेलर, कपड़ों की दुकान एवं अन्य दुकानों आदि से 6 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई। इसी क्रम में भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे में बताया एवं बालश्रम रोकथाम से सम्बन्धित, मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल, ढाबा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

# जिले को मिला 29.37 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

- 12 जुलाई को जनपद में उत्सव की तरह मनाया जाएगा महावृक्षारोपण अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय




बैठक को संबोधित करते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में वर्ष 2026-27 के वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभागवार पौधों के आवंटन, गड्ढों की तैयारी, जियो टैगिंग, पौधों की सुरक्षा तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स अपलोड करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि 12 जुलाई को आयोजित होने वाला वृक्षारोपण कार्यक्रम जनपद में एक जनभागीदारी उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री, शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी सहभागिता करेंगे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि अभियान का सफल एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके।बैठक के दौरान डीएफओ ने बताया कि जनपद रामपुर को इस वर्ष 29.37 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप सभी गड्ढों की खुदाई समय से पूरी कर ली जाए। पौधारोपण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से तय कर ली जाएं।कहा कि लगाए जाने वाले प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से की जाए। जिससे उसकी निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पौधारोपण नदी एवं तालाबों के किनारे, ग्राम समाज की भूमि, चरागाह, एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे, विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, डिग्री कॉलेजों, गौशालाओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया जाए। पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए पीपल, बरगद, सहजन, फलदार एवं फूलदार प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता दी जाए।जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधारोपण सुनिश्चित करें तथा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प है, जिसे जनसहभागिता से सफल बनाया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, डीएफओ प्रणव जैन, डीसी मनरेगा अमित कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्टेट हाइवे पर टेंपो में लटककर सवारियों को सफर करा रहे संचालक

- यात्रियों के साथ-साथ अन्य राहगीरों की जान भी जोखिम में पड़ जाती

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे पर टेंपो में लटकी सवारी। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शाहबाद-बिलारी मार्ग पर संचालित डग्गामार अनधिकृत टेंपो यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर और तेज रफ्तार में वाहन चलाने के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टेंपो संचालक सवारियों को टेंपो में लटकाकर सफर करा रहे है।

लोगों का कहना है कि कई टेंपो चालक अधिक कमाई के लालच में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक यात्रियों को बैठाते हैं।इतना ही नहीं, कई चालक सड़क पर लापरवाही और नियमों की अनदेखी करते हुए वाहन दौड़ाते हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ अन्य राहगीरों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है।क्षेत्रवासियों ने परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शाहाबाद-बिलारी मार्ग पर नियमित अभियान चलाकर अनधिकृत एवं ओवरलोड टेंपो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि किसी बड़े हादसे से पहले व्यवस्था सुधारी जा सके। यह मार्ग पहले भी यातायात संबंधी समस्याओं के कारण चर्चा में रहा है, जिससे सड़क सुरक्षा को लेकर चिंताएं लगातार उठती रही हैं।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तय करें:सीडीओ

- विकास भवन सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय




बैठक को संबोधित करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन कार्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिनी स्टेडियम, सड़क निर्माण, कल्याण मण्डप सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं।इसके अतिरिक्त डिजाइन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है उन्हें यथाशीघ्र हस्तांतरित करने के कार्यवाही अमल में लाई जाए।उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की सतत निगरानी तय की जाए।समीक्षा के दौरान नवीन मण्डी स्थल के निर्माण कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि यदि कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में आने वाली बाधाओं का समयबद्ध समाधान कराते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण कराया जाए, ताकि जनसामान्य को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। साथ ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने चंदा चोरी की उच्च स्तरीय जांच की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता ग्राम तिराह स्थित ब्लॉक अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह गंगवार के आवास पर एकत्रित हुए। यहां बैठक के बाद पटना में हुए चंदा चोरी के विरोध में कांग्रेस कमेटी द्वारा सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा ब्लॉक अध्यक्ष के आवास से प्रारंभ होकर शिव मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह यदुवंशी ने कहा कि भगवान श्री राम और अयोध्या केवल देश की धरोहर नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और मर्यादा के प्रतीक हैं। उनके नाम पर एक-एक ईंट को सजा-सजाकर उसकी पवित्रता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

कहा कि यदि रामलला के नाम पर एकत्रित किए गए चंदे-चढ़ावे में चोरी के आरोप सही हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं है, बल्कि यह अयोध्या और करोड़ों भक्तों की आस्था का अपमान है।यदुवंशी ने मांग की कि इस मामले की जांच किसी उच्च स्तरीय आपराधिक एजेंसी से कराई जाए और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। साथ ही चारों धामों के शंकराचार्यों एवं राम मंदिर के महंतों को इस संबंध में स्पष्ट जिम्मेदारी सौंपी जाए।

कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वेदपाल सिंह यादव देवकी नंदन गंगवार सुरेश गंगवार रोशन लाल गंगवार अनिल गंगवार राजेश गंगवार राजेन्द्र कुमार प्रदीप कुमार विकाश कुमार, लोकेश कुमार गंगवार, राहुल शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान | मंगलवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के बच्चों ने निकाली रैली

# मम्मी पापा हमें पढ़ाओ... स्कूल में चलकर नाम लिखाओ

- पर कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय




घाटमपुर स्थित सरकारी स्कूल के बच्चे रैली निकालते हुए। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** एक भी बच्चा छूट गया, लक्ष्य हमारा टूट गया,शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ। शासन के निर्देशानुसार 1 से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण में मंगलवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में सुबह प्रार्थना सभा के बाद स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई।

विद्यालय के सभी शिक्षक स्कूल चलो अभियान जन जागरूकता रैली में साथ चल रहे थे।ग्राम हजरतपुर के प्रत्येक घर में जाकर उन्होंने अभिभावकों को जागरूक किया।कहा कि हमारा लक्ष्य शासन के निर्देशानुसार नामांकन बढ़ाना है। इसलिए स्कूल चलो अभियान के तहत यह जागरूकता रैली निकाली गई है। ताकि कोई भी बच्चा प्रवेश से छूट न जाए।रैली में विद्यालय आए सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे। सबसे आगे वाले बच्चे स्कूल चलो अभियान का बैनर पकड़ कर चल रहे थे। रैली विद्यालय से शुरू होकर तोपखाना रोड, ग्राम हजरतपुर, प्रानपुर रोड पर होती हुई विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली में सभी बच्चे विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे जैसे, हर बच्चे का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है। पढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी घर की, घर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ। एक भी बच्चा छूट गया, लक्ष्य हमारा टूट गया। पढ़ाई और किताबों से प्यार करो, जीवन अपना उद्धार करो,बेटी बेटा एक समान, सबको दो शिक्षा का ज्ञान।

समग्र शिक्षा ने ठाना है, सबको स्कूल लाना है। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ,हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर के करो पढ़ाई,शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है, समग्र शिक्षा का है अभियान, सबको मिले प्राथमिक ज्ञान। इस अवसर पर कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# उर्द व अरहर बीज मिनीकिट की ऑनलाइन बुकिंग 8 जुलाई को

- ई-लॉटरी से होगा लाभार्थियों का चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने बताया कि खरीफ-2026 के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत उर्द एवं अरहर सहित सामान्य बीज और बीज मिनीकिट प्राप्त करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया गया है। अब बीजों का वितरण "पहले आओ, पहले पाओ" व्यवस्था के स्थान पर ऑनलाइन बुकिंग एवं ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से बीजों की बुकिंग प्रारंभ हो चुकी थी। ऑटो कन्फर्मेशन एवं ई-लॉटरी के बाद बचे हुए बीजों की बुकिंग के लिए 8 जुलाई से जनपद के सभी पंजीकृत किसानों के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।अब पात्र लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति की निगरानी में ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि खरीफ-2026 में सामान्य बीज एवं मिनीकिट का लाभ लेने के इच्छुक किसानों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

किसान कृषि विभाग के कृषि दर्शन-1 पोर्टल पर जाकर स्वयं आवेदन कर सकते हैं अथवा निकटतम जन सेवा केंद्र एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की सहायता से भी ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं।उन्होंने सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें, ताकि उन्हें शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

# महिला की उपचार के दौरान मौत

## महिला की आत्महत्या की सूचना पर घर पहुंची पुलिस, शव पोस्टमार्टम को भेजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल निवासी महिला की उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह निजी हास्पिटल में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं किसी ने पुलिस को महिला की जहर के सेवन से होने की सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मंगलवार की सुबह किसी ने महिला द्वारा आत्महत्या करने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस गांव कैथल स्थित मृतक महिला नन्ही 40 वर्ष पत्नी गंगाराम के घर पहुंच गई और जानकारी की।


मृतका नन्ही का फाइल फोटो।

मृतक महिला की पुत्री कविता ने बताया कि मां का सोमवार को व्रत था। रात 8 बजे अचानक मां के पेट में दर्द उठा तो उसके पिता व अन्य परिजन महिला को उपचार के लिए ई-रिक्सा से सीता रोड स्थित निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां महिला को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इसके बाद मंगलवार की सुबह 6 बजे महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव घर ले आए, महिला अपने पीछे एक पुत्री व दो पुत्रों को रोता-बिलखता छोड़ गई है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 12 वर्षीय बालक झुलसा

- **हादसे पर बोले ग्रामीण, पहले भी हो चुकी हैं इस तरह की घटनाएं, विभाग मौन**

**बहजोई।** शहज़ादीसराय तहसील परिसर के पीछे खेत में झूल रही हाईटेंशन लाइन ने मंगलवार को एक 12 वर्षीय मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगने से बालक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रवि 12 पुत्र विवेक कुमार निवासी शहज़ादीसराय खेत में अरवी लेने गया था। आरोप है कि खेत के बीच से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन के तार जमीन से महज लगभग पांच फीट की ऊंचाई पर झूल रहे थे। जैसे ही बालक तार के संपर्क में आया, वह तेज करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी तरह झूलते तारों के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन विभाग ने आज तक लाइन को सुरक्षित ऊंचाई पर कराने की जहमत नहीं उठाई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग ने व्यवस्था दुरुस्त की होती तो यह हादसा टाला जा सकता था। ग्रामीणों ने मांग की है कि खेतों से गुजर रही सभी 11 केवी लाइनों की तत्काल जांच कर झूलते तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर कराया जाए तथा पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। फिलहाल बालक का उपचार जारी है और क्षेत्र में घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## बिजनौर में 509 विद्युत सखियों को मिले थर्मल प्रिंटर

**बिजनौर।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और बिजली बिल संग्रह व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद की विद्युत सखियों को नि:शुल्क थर्मल प्रिंटर वितरित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि थर्मल प्रिंटर मिलने से विद्युत सखियां गांव-गांव और घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करने के साथ ही उपभोक्ताओं को मौके पर तत्काल रसीद उपलब्ध करा सकेंगी। इससे बिल संग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, कार्य में तेजी आएगी और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि जनपद बिजनौर में वर्तमान में 509 विद्युत सखियां कार्यरत हैं, जो प्रत्येक माह ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर बिजली बिल का संग्रह करती हैं। इनके माध्यम से हर महीने दो करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल जमा कराया जाता है।

## सार संक्षेप



स्कूल चलो अभियान रैली निकालतें बच्चें।

### बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**चन्दौसी।** नगर क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों से स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली में बच्चों को विद्यालय भेज शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया गया। बताया गया कि रैली के माध्यम से घर-घर जाकर स्कूल से बाहर बच्चों को चिंहित किया जा रहा है और उनका नामांकन कराया जाएगा। प्रधानाचार्य आनंद बौद्ध ने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी शिक्षक अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं, ताकि हर बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सके। रैली में बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे और चलो स्कूल चले हम जैसे नारे लगाकर अभिभावक व नागरिकों को शिक्षा के प्रति जागरुक किया। रैली लक्ष्मण गंज प्राथमिक विद्यालय से आरंभ होकर मोहल्ला नखासा, सीकरी गेट, मोहल्ला हाता होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी। जहां लोगों से बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने की अपील की गई। इस दौरान अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली मुफ्त किताबें, यूनिफार्म, मध्याह्न भोजन व अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर नीलू सागर, नमिता अग्रवाल, शहनाज, रुचि यादव, जावेद आदि मौजूद रहे।

### सिटी मार्ट में अग्नि सुरक्षा मानकों की मिली खामियां

**सम्भल।** जनपद में सुरक्षा मानकों और निर्माण संबंधी नियमों के अनुपालन की जांच के क्रम में अधिकारियों ने मौहल्ला हल्लू सराय स्थित यम तीर्थ के निकट संचालित सिटी मार्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ट में अग्नि सुरक्षा एवं आवश्यक अभिलेखों से जुड़ी कई कमियां सामने आईं, जिस पर मार्ट संचालक को तत्काल आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सिटी मार्ट के स्वामी शान इकबाल पुत्र इकबाल महमूद मौके पर उपस्थित मिले। जांच में पाया गया कि मार्ट में आपातकालीन निकास (एग्जिट गेट) की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा आग लगने की स्थिति में समय रहते चेतावनी देने वाला स्मोक डिटेक्टर भी स्थापित नहीं मिला। निरीक्षण टीम ने यह भी पाया कि भवन के अंदर पाइन वुड (चीड़) की लकड़ियों का उपयोग किया गया है, जो आग लगने की स्थिति में तेजी से आग फैलने का कारण बन सकती हैं। जांच के दौरान मार्ट के बाहर जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र भी प्रदर्शित नहीं मिला। वहीं भवन निर्माण से संबंधित स्वीकृत मानचित्र भी निरीक्षण के समय उपलब्ध नहीं कराया जा सका, जिससे निर्माण की वैधता एवं मानकों की जांच नहीं हो सकी। अधिकारियों ने मार्ट स्वामी को निर्देशित किया कि भवन से संबंधित स्वीकृत मानचित्र सहित सभी आवश्यक अभिलेख शीघ्र कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उनकी विधिवत जांच की जा सके। साथ ही निरीक्षण में पाई गई सभी कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में कमियों का निस्तारण न होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।


प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते पंजाबी समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

### पंजाबी समाज ने किया प्रभारी मंत्री का सम्मान

**चन्दौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर को पटका व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। शहर में निकलने वाली कृष्ण शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। बताया गया कि हमारा शहर मिनी वृंदावन के नाम से प्रदेश में प्रख्यात है और धार्मिक स्थल है। यहां हर वर्ग व समाज के लोग मिलजुल कर रहते हैं। इस अवसर पर बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, सुधीर मल्होत्रा, सागर मल्होत्रा, सुरेश सपड़ा, गुलशन मग्गो, गगन अरोरा आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया सक्षम का स्थापना दिवस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल के तत्वावधान में दिव्यांगों के सशक्तिकरम को समर्पित राष्ट्रीय संगठन सक्षम का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में संगठन द्वारा अगले वर्षों में जनपद के दिव्यांगों को दिए गए कृत्रिम अंग, ट्राई साइकिल और स्वरोजगार सहायता कार्यों की समीक्षा की। जिसमें जिलाध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय ने कहा कि दिव्यांग समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, उन्हें सहानुभूति की नहीं बल्कि समान अवसरों और क्षमता विकास की आवश्यकता है। जिला सचिव अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि आने वाले समय में संगठन द्वारा एक विशाल कैंप का आयोजन मुरादाबाद में किया जाएगा। जिसमें दिव्यांगों को ट्राई साइकिल आटोमिक इलेट्रिक का वितरण किया जाएगा। अंत में मिठाई वितरित कर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रतिभा चौधरी, देवेंद्र मोनू, निशांत शर्मा, अतुल कश्यप, राहुल, आदित्य, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


सक्षम स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोलतीं महिला पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## संभल को मिला पहला स्थायी जिला पंचायत भवन

- **7.25 करोड़ से बने भवन का प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण, 300 एकड़ में विकसित होगा नया जिला मुख्यालय**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** जनपद सम्भल के विकास की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। जिले को अपना पहला स्थायी जिला पंचायत भवन मिल गया। चन्दौसी तहसील क्षेत्र के सम्भल रोड स्थित बेहटा जयसिंह गांव में करीब 7.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक जिला पंचायत भवन का लोकार्पण उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने किया। लगभग 16 माह में तैयार हुए इस भवन के शुरू होने से अब जिला पंचायत का समस्त प्रशासनिक कार्य स्थायी परिसर से संचालित होगा।


नवनिर्मित जिला पंचायत कार्यालय का लोकार्पण करते प्रभारी मंत्री। –जागरण मोर्चा

लोकार्पण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन देने के लिए लगातार आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रस्तावित जिला मुख्यालय के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि जनपदवासियों को जल्द सभी प्रशासनिक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बताया कि लगभग 300 एकड़ भूमि पर आधुनिक जिला मुख्यालय विकसित किया जा रहा है, जहां विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय स्थापित किए जाएंगे।

राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और सुशासन की गति लगातार बढ़ रही है तथा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के बेहतर प्रदर्शन का विश्वास व्यक्त करते हुए विपक्ष पर भी निशाना साधा।

नवनिर्मित जिला पंचायत भवन के संचालन से जिला पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता आएगी। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आधुनिक कार्यस्थल उपलब्ध होने से योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। स्थानीय लोगों ने इसे सम्भल के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए सरकार और प्रशासन का स्वागत किया।

## सीएचसी के निरीक्षण के बाद संतुष नजर आए प्रभारी मंत्री

- **एनआरसी में कुपोषित बच्चों की माताओं से जाना हाल**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** संभल के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता जेपीएस राठौर ने सीएचसी का निरीक्षण किया और मरीजों से संवाद कर व्यवस्था को परखा। सीएचसी की व्यवस्थाओं से प्रभारी मंत्री संतुष्ट नजर आए। इसके उपरांत भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से वार्ता कर क्षेत्र की जानकारी ली।

मंगलवार की दोपहर 12 बजे संभल के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता जेपीएस राठौर सीएचसी पहुंचे। यहां पहुंचने पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने स्वागत किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री सबसे पहले महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। जिसमें जच्चा-बच्चा व महिला चिकित्सक सारिका अग्रवाल से जानकारी ली। महिला चिकित्सक ने महिला अस्पताल में सभी मशीनें व उपकरण उपलब्ध होने की बात कही। उन्होंने जच्चा-बच्चा को मिलने वाले पौष्टिक आहार व भोजन की जानकारी की। बताया कि नियम के अनुसार सभी चीजें उपलब्ध कराई जाती है। इसके बाद वह एनआरसी पहुंचे और कुपोषित बच्चों का हालचाल जाना व बच्चों की माताओं से अस्पताल द्वारा मिलने वाली सुविधाओं, खानपान व उपचार के विषय में जानकारी की। बच्चों की माताओं से बेहतर उपचार के साथ खानपान की व्यवस्था उचित बताई गई।


सीएचसी में एनआरसी का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री।

साथ ही एनआरसी में तैनात चिकित्सक गौरी वार्ष्णेय से सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी की। प्रभारी मंत्री ने एनआरसी की व्यवस्थाओं को देख चिकित्सक का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सीएचसी में अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया।

सीएचसी के निरीक्षण के बाद वह संतुष्ट नजर आए। इसके बाद उन्होंने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से उनका हालचाल जाना और वार्ता की। इस दौरान सीडीओ गोरखनाक भट्ट, सीएमओ डा. तरुण पाठक, सीएचसी प्रभारी डा. हरवेंदर सिंह, एसडीएम आशुतोष तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, मंजू दिलेर, परमेश्वर लाल सैनी, राजेश शंकर राजू, सतीश अरोरा, अमन कोरी, अंकुर अग्रवाल, चंद्र सैन दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषण एवं अति कुपोषण से ग्रसित बच्चों तथा एनीमिया से प्रभावित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की समयबद्ध पहचान कर उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से वजन एवं लंबाई का मापन किया जाए तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी का विवरण पोषण ट्रैकर पर समय से अपडेट किया जाए। उन्होंने सभी सीडीपीओ को माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करते हुए पोषण अभियान की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम एवं मैम बच्चों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत चिन्हांकन किया जाए तथा ऐसे बच्चों के उपचार, नियमित फॉलोअप एवं पोषण पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में जिन स्थानों पर अभी तक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हैं, उनकी ग्रामवार सूची तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्र क्षेत्रों को आंगनबाड़ी सेवाओं से आच्छादित किया जा सके। उन्होंने उत्तराखंड सीमा से लगे ग्रामों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर फर्नीचर अथवा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सामग्री एवं फर्नीचर की खरीद सुनिश्चित कर सभी केंद्रों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए।

## सरकारी आदेश के अनुसार मुआवजा नहीं देने तक जारी रहेगा आंदोलन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति अपनी मांगों को लेकर तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन यूपी के प्रशासनिक अधिकारी किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान न देकर केवल सरकार के लिए ही कार्य कर रहे हैं। किसानों के हितों में कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। जिससे आज प्रत्येक किसान दुखी व परेशान बना हुआ है।

किसानों की भूमि जो कि चन्दौसी से रामपुर को जोड़ने वाली सड़क के किनारे की भूमि का प्रशासनिक अधिकारी सरकारी आदेश के अनुसार मुआवजा नहीं दे रहे हैं। इससे क्षुब्ध होकर किसानों को मजबूरी में आज धरने पर बैठना पड़ा। यह धरना जब तक जारी रहेगा जब तक किसानों को उनकी भूमि का सरकारी आदेशों के अनुसार मुआवजा नहीं मिल जाता। बताया कि राहुल कश्यप, अमर सिंह तोमर, वीरेंद्र तोमर, रामपाल सिंह, उदय पाल सिंह, पप्पू तोमर, अवधेश तोमर, रिंकू, ओमवीर सिंह, दिनेश पाल सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन करते समिति पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## दहेज की खातिर नवविवाहिता की हत्या का आरोप

**नजीबाबाद /बिजनौर।** जनपद बिजनौर के थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम लुकादड़ी में विवाह के ढाई माह के भीतर एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतका की मां ने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार महाराष्ट्र के पुणे स्थित शांति नगर निवासी शहनाज खलील शेख ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री गुलनाज खलील शेख का निकाह 21 अप्रैल 2026 को ग्राम लुकादड़ी निवासी मो. आसिफ पुत्र मो. यामीन के साथ किया था। विवाह में अपनी सामर्थ्य के अनुसार जेवर, कपड़े, फर्नीचर, बर्तन, बिजली का सामान तथा दो लाख रुपये नकद दिए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति मो. आसिफ, ससुर मो. यामीन, जेठ मो. जावेद, ननद शाहना, शाइस्ता तथा शबाना अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे।

**बैठक** | एडीएम ने लेखपालों को दिए निर्देश, अंतर मिलने पर समयबद्ध रिपोर्ट मांगी

## 1359 फसली अभिलेखों से होगा नदियों के राजस्व रिकॉर्ड का मिलान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** जनपद की नदियों से संबंधित राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त एवं अद्यतन करने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में जनपद के राजस्व लेखपालों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन सभी लेखपालों ने भाग लिया, जिनके कार्यक्षेत्र से होकर नदियां प्रवाहित होती हैं।

बैठक में एडीएम ने निर्देश दिए कि संबंधित लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र की नदियों के राजस्व अभिलेखों का 1359 फसली आधार वर्ष के रिकॉर्ड से गहनता के साथ मिलान करें। यदि अभिलेखों में किसी प्रकार का परिवर्तन, विसंगति अथवा अंतर पाया जाता है तो उसका स्पष्ट विवरण तैयार कर निर्धारित प्रारूप में समयबद्ध तरीके से जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अभिलेखों का परीक्षण पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और शुद्धता के साथ किया जाए, ताकि नदियों की वास्तविक स्थिति के अनुरूप सही राजस्व रिकॉर्ड तैयार हो सके। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


बैठक में बोलते एडीएम सत्यप्रिय सिंह। –जागरण मोर्चा

बैठक में राजस्व अभिलेखों के सही रख-रखाव, समय-समय पर अद्यतन अभिलेखीकरण तथा नदियों से संबंधित अभिलेखीय विवरणों की शुद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जलस्रोतों एवं नदियों के संरक्षण के लिए सटीक राजस्व अभिलेख अत्यंत आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य से सभी लेखपालों को निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का मानना है कि इस अभियान से नदियों से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड अधिक पारदर्शी और प्रमाणिक होंगे तथा भविष्य में जलस्रोतों के संरक्षण और अतिक्रमण संबंधी मामलों के निस्तारण में भी सहायता मिलेगी।





## शबनम कांड' की फिर आई याद

# परिजनों को खाने में नींद की गोली खिलाकर प्रेमी संग फुर्र हुई विवाहिता

### गाँव के ही एक शादीशुदा युवक से चल रहा था प्रेम प्रसंग



नींद की गोली खिलाने से हुए बेहोश परिजन।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसने इलाके के लोगों में हड़कंप मचा दिया, जहाँ एक विवाहिता ने अपने प्यार के चक्कर में पूरे परिवार को दांव पर लगा दिया।

विवाहिता ने रात के खाने में अपने ही परिजनों को नींद की गोली खिला दी और जब सब बेहोश हो गए, तो वह अपनी 4 वर्षीय मासूम बेटी और गांव के ही रहने वाले विवाहित प्रेमी जिस पर भी एक बेटी है के साथ फरार हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर निवासी अंशु की शादी 5 साल पहले सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव विजौरा हुई थी, लेकिन पति से विवाद के बाद वह दो महीने से अपने भाइयों के साथ मायके में रह रही थी। उसका गाँव के ही एक शादीशुदा युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार रात अंशु ने चालाकी से भाभी सुमन, भतीजी रोनिका, भतीजी रोहिणी, भाभी बेबी, भतीजी माधवी, भतीजी लूसी और भाई रॉबिन गुड्डू को नींद की गोली दे दी। सुबह जब उसका भतीजा सागर कहीं बाहर से काम करके घर लौटा, तो पूरा परिवार अचेत पड़ा था। जबकि घर से हुआ अंशु गायब थी। सागर ने ग्रामीणों की मदद से तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर सभी 7 पीड़ितों को 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ितों का उपचार कराया जा रहा है और तहरीर के आधार पर जल्द ही सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पिता के प्रेम संबंध में बाधा बन रहे छोटे बेटे एवं मां को पीट कर किया घायल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पिता के प्रेम संबंध में बाधा बन रहे छोटे भाई एवं मां को पिता के साथ मिलकर बड़े भाई ने जमकर पीटा और घायल कर दिया, घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मटेना की मंडियों में महावीर अपनी पत्नी सरोज, बड़े बेटे वीरपाल एवं छोटे बेटे कुंवर पाल के साथ रहता है, घायल सरोज का आरोप है कि उसके पति महावीर का उसके बड़े बेटे वीरपाल की पत्नी के साथ प्रेम संबंध चल रहा है इसी प्रेम संबंध के चलते दोनों ने उसके छोटे बेटे कुंवरपाल का घर उजाड़ दिया था। मंगलवार की सुबह कुंवरपाल ने अपने पिता एवं भाभी को कमरे में एक साथ देख लिया जिससे महावीर एवं बड़े बेटे वीरपाल ने लाठी डंडों से कुंवरपाल को



घायल सरोज।

पीटना शुरू कर दिया, बेटे को बचाने आई सरोज को भी बाप बेटों ने पीट कर घायल कर दिया घायल सरोज कोतवाली पहुंची और आरोपी पति एवं बड़े बेटे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल सरोज से तहरीर लेकर उसे उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### गलत इंजेक्शन से युवक का पैर कटने की कगार पर झोलाछाप चिकित्सक पर धमकी का आरोप

**हसनपुर।** नगर मोहल्ला कोट पूर्वी निवासी सुनील कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर एक स्थानीय झोलाछाप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक, उनके छोटे भाई राकेश यादव उर्फ विक्की को पैर में फुंसी और बुखार होने पर नगर के चामुंडा रोड स्थित झोलाछाप के क्लिनिक ले जाया गया था। आरोप है कि झोलाछाप चिकित्सक ने बिना किसी जांच के उसे चार इंजेक्शन लगा दिए। इंजेक्शन लगते ही राकेश के पैर में गंभीर छाले पड़ गए और इंफेक्शन इस कदर फैला कि अब पैर काटने की नौबत आ चुकी है। विरोध करने पर आरोपी झोलाछाप चिकित्सक ने बदतमीजी की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। डरे सहमे परिवार ने अब मुख्यमंत्री से न्याय और आरोपी झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पीड़ित के पैर का मेडिकल परीक्षण कराने की गुहार लगाई है।



## सार संक्षेप

### राम मंदिर ट्रस्ट की न्यायिक जांच की मांग को लेकर कांग्रेस की 'सद्बुद्धि पदयात्रा'

**मुरादाबाद।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मुरादाबाद में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' निकाली गई। पदयात्रा हाथी वाले मंदिर से शुरू होकर लालबाग काली मंदिर तक पहुंची। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में मंदिर से जुड़े किसी भी प्रकार के आरोपों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होना आवश्यक है। पार्टी ने मांग की कि पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के किसी वर्तमान (सिटिंग) न्यायाधीश से कराई जाए। कांग्रेस नेताओं ने यह भी मांग की कि यदि आरोपों में तथ्य पाए जाते हैं तो वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर मंदिर के संचालन की जिम्मेदारी चारों पीठों के शंकराचार्यों और श्रीराम मंदिर के महंतों को सौंपी जाए। यह पदयात्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर आयोजित की गई। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद गुंबर, महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम बंटी, नजाकत ठेकेदार, पार्षद नदीम अंसारी, आजम खान, राजेंद्र वाल्मीकि, मुहम्मद अब्बास, पार्षद नदीमुद्दीन, अशोक कपूर, श्याम बाबू वाल्मीकि, अग्रस खान, सफदर नियाजी, नेता सादिक, बन्ने पहलवान सहित जिला एवं महानगर कांग्रेस के पदाधिकारी, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्य, वरिष्ठ नेता, पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### राजकीय पुस्तकालय में सुविधाएं बढ़ाने के दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने मंगलवार को शहर स्थित राजकीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध अध्ययन सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन संबंधी आवश्यकताओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों से संवाद के बाद जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजकीय पुस्तकालय की क्षमता बढ़ाने के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर और सुविधाजनक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया जाए। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 50 विद्यार्थियों के बैठकर अध्ययन करने की व्यवस्था है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखने तथा खाली पड़ी भूमि का हरित क्षेत्र के रूप में विकास एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जर्जर भवनों को नियमानुसार ध्वस्त कर परिसर को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने पर भी जोर दिया। डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि राजकीय पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अध्ययन केंद्र है। इसलिए यहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उच्च गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को शांत, सुरक्षित और प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण मिल सके।

### शादी का झांसा देकर 5 वर्ष शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**नगीना।** पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी ग्राम मंझेड़ा शकरू निवासी मौहम्मद आमिर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशकिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उत्तराखंड के जनपद उधमसिंहनगर के जसपुर निवासी 20 वर्षीय युवती यहां स्थानीय थाना नगीना के ग्राम मंझेड़ा शकरू गांव में अपने मामा के घर आती जाती थी। युवती के मुताबिक मामा के घर रहने के दौरान पांच वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात गांव के ही मौहम्मद आमिर से हो गई थी। मुलाकात पहले दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। युवती का आरोप है कि आमिर ने उससे शादी करने का वायदा किया और शारीरिक संबंध बनाए। आमिर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। उसके मामा व परिजनों ने आमिर के परिवार के सामने शादी की बात रखी लेकिन आमिर शादी की बात से मुकर गया। जिसके बाद वादिनि ने नगीना थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। नगीना पुलिस के अनुसार जसपुर निवासी एक युवती ने 14 जून को तहरीर दे कर गांव मझेड़ा शकरू निवासी मौहम्मद आमिर पुत्र शकील अहमद पर आरोप लगाया था कि उसने शादी करने का वायदा कर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर अपने वायदे से मुकर गया। मझेड़ा चौकी प्रभारी एसआई प्रवीण कुमार व कांस्टेबल आरिफ ने मंगलवार को नामजद वांछित अभियुक्त मौहम्मद आमिर पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम मझेड़ा शकरू को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।



## टीएमयू ने इस बार ओबीई रैंकिंग में टाइटेनियम+ बैंड हासिल किया

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने अब आउटकम बेस्ड एजुकेशन- ओबीई रैंकिंग 2026 में टाइटेनियम+ बैंड हासिल किया है। यह टाइटेनियम+ बैंड टीएमयू की शैक्षणिक उत्कृष्टता और परिणाम-आधारित शिक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। ओबीई रैंकिंग में शामिल मानदंडों में पाठ्यक्रम की डिज़ाइन, सीखने के परिणाम, मूल्यांकन विधियां, छात्र सहभागिता और उद्योग की प्रासंगिकता जैसे कई पहलुओं को गंभीरता से परखा जाता है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कहा, यह उपलब्धि एकेडमिक उत्कृष्टता, इन्नोवेशन और मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति यूनिवर्सिटी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन बोले, टाइटेनियम+ बैंड राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता का एक प्रमुख मापदंड है। उन्होंने और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के प्रति यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को दोहराया। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने कहा, यह उपलब्धि यूनिवर्सिटी को टेक्नोलॉजी-आधारित लर्निंग, स्किल डवलपमेंट और लगातार एकेडमिक सुधार के जरिए आउटकम-बेस्ड एजुकेशन को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करती है।

वीसी प्रो. वीके जैन बोले, टाइटेनियम+ बैंड हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि टीएमयू ने हमेशा शिक्षा के हर पहलू में गुणवत्ता और नवाचार को प्राथमिकता दी है। यूनिवर्सिटी ने छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा दिया है, जिससे स्टुडेंट्स न केवल अकादमिक, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी प्रतिस्पर्धी बन सकें।

टाइटेनियम+ बैंड प्राप्त करना टीएमयू के शैक्षणिक नेतृत्व, संकाय सदस्यों और स्टुडेंट्स के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बताती हैं, ओबीई में शिक्षण और सीखने के चार प्रमुख घटक- पाठ्यक्रम डिजाइन, शिक्षण और सीखने के तरीके, मूल्यांकन और निरंतर गुणवत्ता सुधार (सीक्यूआई) और निगरानी शामिल हैं। उल्लेखनीय है, नई शिक्षा नीति-2020 में भी आउटकम बेस्ड एजुकेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी ओबीई को लेकर बेहद संजीदा है।

## सांप के डसने से महिला की मौत, झाड़-फूंक के चक्कर में गई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव में पशुओं के लिए चारा लेने गई एक विवाहिता की सांप के डसने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बिझलपुर मेंसोमवार शाम देवराज सिंह की 35 वर्षीय पत्नी इमरती अपने खेत में चारा काट रही थीं, तभी एक सांप ने उनकी बाईं भुजा पर डस लिया। चीखते हुए पीड़िता घर पहुँची इमरती के हाथ पर ग्रामीणों ने कपड़ा बांध दिया और उपचार के लिए कोतवाली क्षेत्र एक गांव में झाड़-फूंक के लिए ले गए। आरोप है कि तांत्रिक ने हाथ पर बंधा कपड़ा खोल दिया, जिससे जहर पूरे शरीर में फैल गया। हालत बिगड़ने पर परिजन पीड़िता को नगर के सीएचसी लेकर पहुँचे, जहाँ चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। अंधविश्वास के चलते परिजन मंगलवार सुबह शव को लेकर फिर गढ़मुक्तेश्वर भी ले गए, लेकिन वहाँ भी निराशा हाथ लगी। मृतका अपने पीछे दो बेटियों और चार बेटों को रोते-बिलखता छोड़ गई है। मृतका का पति ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। पति का भी रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतका इमरती का फाइल फोटो।

## बिजली कटौती और भ्रष्टाचार के विरोध में शिवसेना का प्रदर्शन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त विद्युत भार (लोड) बढ़ाने, व्यापारिक क्षेत्रों में घोषित एवं अनिश्चितकालीन बिजली कटौती तथा बिजली विभाग में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

शिवसेना पदाधिकारी और कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क पर एकत्र हुए, जहां से उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि अतिरिक्त विद्युत भार और लगातार बिजली कटौती के कारण आम उपभोक्ताओं तथा व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग में कथित भ्रष्टाचार पर भी नाराजगी जताई।

जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि यदि बिजली उपभोक्ताओं का कथित उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो शिवसेना चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर संगठन भूख हड़ताल करने के लिए भी बाध्य होगा।

प्रदर्शन के दौरान शिवसेना नेताओं ने विभागीय अधिकारियों से उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने, अतिरिक्त भार से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करने तथा व्यापारिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारु रखने की मांग की।

कार्यक्रम में कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, अरुण ठाकुर, जीतू प्रजापति, आकाश सिंह, राहुल सिंह, मयंक सैनी, सरदार इंद्रजीत सिंह, सुरेश सैनी, नितेश कुमार, कैलाश, बादाम सिंह, तिलक राज शर्मा, शिब्बू सैनी, उमेश ठाकुर, पंकज पाल, तेजपाल सैनी सहित अनेक शिवसैनिक मौजूद रहे।

**लिया जायजा** टनकपुर से लौटते केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने किया मुरादाबाद स्टेशन का निरीक्षण

## केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों की सराहना की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने मुरादाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों को और अधिक गति तथा गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री 6 जुलाई 2026 को स्पेशल ट्रेन से टनकपुर (पूर्वोत्तर रेलवे) में आयोजित रेल परियोजना उद्घाटन कार्यक्रम से लौटते समय मुरादाबाद स्टेशन पहुंचे।



स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पारितोष गौतम, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मनोज यादव, वरिष्ठ मंडल अभियंता (मुख्यालय) अभिषेक चौधरी सहित रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने उन्हें मुरादाबाद की प्रसिद्ध पीतल कला का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, स्वच्छता व्यवस्था, रेलवे ट्रैक की साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं, पेयजल, शेड तथा टिकट व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। यात्रियों ने स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

रेल राज्य मंत्री ने ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों की सतर्कता और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित भी किया।

इसके बाद उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुरादाबाद मंडल में चल रहे विकास कार्यों, आधारभूत संरचना के विस्तार और यात्री सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यों को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

### सर्राफ की पोती ने लगाया फांसी का फंदा, गई जान

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन क्षेत्र में सर्राफ की पोती ने फांसी लगाकर जान दे दी। महानगर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत चंद्र नगर में सिंह मंडप से कुछ आगे शारदा ज्वेलर्स है इसके स्वामी प्रेमपाल वर्मा है और इन प्रेमपाल वर्मा का बड़ा बेटा सचिन कुमार वर्मा यहां से कुछ दूर चंद्रशेखर आजाद रोड पर नाले के पास अलग मकान में रहता है। बताते हैं कि सचिन वर्मा की बड़ी बेटी परी घर में अकेली थी। मंगलवार की शाम लगभग 7:30 बजे के करीब आसपास के लोगों ने चीख सुनी तो दौड़ पड़े। मौके पर जाकर देखा तो सचिन वर्मा की बेटी परी ने छत के पंखे में रस्सी डालकर फांसी लगा ली थी। इस बीच परिजन भी आ गए और उन्होंने आनन फानन में रस्सी को काटा और परी को अस्पताल ले गए। सूचना पर दादा- दादी व अन्य परिजन और थाना पुलिस भी आ गई।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है शिक्षक एमएलसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी ने आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर कांठ रोड स्थित क्लिफटन बैंक्वेट हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की सक्रियता और अधिकाधिक समर्थन सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि शिक्षक एमएलसी चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा शिक्षकों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से चुनाव में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी, नजीबाबाद विधायक तस्लीम अहमद, जिला महासचिव फुरकान अली, सलीम अख्तर, वसीम कुरैशी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे और चुनाव को लेकर आवश्यक सुझाव दिए।

बैठक में पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व महानगर अध्यक्ष, जिला एवं महानगर पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पार्षद, नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिला से मारपीट के मामले में 4 दोषियों को सात सात साल की सजा, 31 हजार का जुर्माना

**बदायूं।** महिला से मारपीट के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी रिंकू ने चार दोषियों को दोषी ठहराया है . प्रत्येक पर 31-31 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव कालिया कजमपुर निवासी राजकुमार ने साल 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि उसकी मां के साथ गांव के ही राजकुमार, विमलेश राजवीर व राहुल मां के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कि जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर भारत में उनका जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल परीक्षा के बाद घर लाया गया पुलिस ने चारों और उपयोग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक उरेन्द्र पाल सिंह को सौंपी। विवेचक ने घटना से संबंधित सभी साक्ष्य संकलन करते हुए आरोप पत्र प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशकी अदालत में प्रस्तुत किया।

# कांवड़ यात्रा की 30 जुलाई से शुरुआत, कंट्रोल रूम नंबर जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ श्रावण माह में हर शुक्रवार शाम से सोमवार शाम तक रहेगा रूट

**बदायूं।** आगामी श्रावण मास में प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने श्रद्धालुओं की सुविधा, कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही आमजन और कांवड़ियों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा के दौरान त्वरित सहायता और समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) तथा पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। आईसीसीसी के दूरभाष नंबर 05832-266049, 05832-266050, 05832-266052, 05832-266054 तथा मोबाइल नंबर 7505389289 और 7505395940 जारी किए गए हैं। वहीं पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9454402956 और 9454417440 पर भी संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा कछला पुलिस चौकी, कोतवाली उझानी, कोतवाली बदायूं और सिविल लाइंस थाना में भी नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग, नगर निकाय, विद्युत विभाग, पुलिस, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समेत संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तीन पालियों में 8-8 घंटे की ड्यूटी करेंगे।

ड्यूटी में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिस्थानी कर्मी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही ड्यूटी समाप्त होगी। जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया है कि 30 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के दौरान प्रत्येक शुक्रवार शाम 8 बजे से सोमवार शाम 5 बजे तक रूट डायवर्जन प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए परिवर्तित मार्गों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और बस यात्रियों को चढ़ने-उतरने के स्थान तथा किराये की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चालक-परिचालक यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार रखें और सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करें। कछला गंगा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, जिससे सुरक्षा, यातायात और जनसुविधाएं सुचारु बनी रहें। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति या असुविधा की जानकारी कंट्रोल रूम नंबरों पर दें और प्रशासन का सहयोग कर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में भागीदारी निभाएं।

### ईसीसी एजुकेटर मिले बेसिक शिक्षा अधिकारी से

**बदायूं।** जनपद के आंगनबाड़ी केंद्र पर नियुक्त ईसीसी एजुकेटर को सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किया गया है, जिनको लगभग चार माह से वेतन नहीं मिला है। ऐसे में सभी एजूकेटर बदायूं बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार से भेंट करने पहुंचे और अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया बताया वेतन ना मिलने के कारण रोज किराया खर्च करना और परिवार का भार उठाना मुश्किल हो रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार द्वारा पटल के संबंधित बाबू को बुलाकर कंपनी को तुरंत बिल भेजकर मानदेय देने का आदेश दिया है और सभी को बताया एक सप्ताह तक जून माह तक आप सभी का पेमेंट करा दिया जायेगा। जिससे सभी एजूकेटर ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद दिया।

## छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को एक वर्ष की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कोचिंग के लिए जा रही दो छात्राओं से अश्लील हरकत करने और उनका पीछा करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के कारावास तथा 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माने की आधी-आधी धनराशि दोनों पीड़िताओं को दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी ने थाना बिसौली में 9 दिसंबर 2019 को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री और उसकी सहेली कोचिंग के लिए जाती थीं। इसी दौरान आरोपी उनका पीछा करता और अश्लील हरकतें करता था। अगले दिन जब दोनों छात्राएं कोचिंग से वापस लौट रही थीं, तब आरोपी ने फिर उनका पीछा किया। पीड़िता के पिता और चाचा ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बिजनेश उर्फ पतरा पुत्र राजेंद्र यादव निवासी वार्ड नंबर 13, तहसील कॉलोनी, कस्बा व थाना बिसौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाते हुए न्यायालय ने उक्त सजा सुनाई।

## महिला सिपाही के दहेज उत्पीड़न व हत्या में पति को सात साल की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कक्ष दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दहेज उत्पीड़न और महिला सिपाही पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को दोषी माना। न्यायाधीश ने दोषी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा के अनुसार वादी मुकदमा राम सहारे पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी सराय महमूद थाना खीरी जिला रायबरेली की ओर से दातागंज कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें उन्होंने बताया, उसकी पुत्री शुभलता पुलिस में सिपाही थी, की शादी छह दिसंबर 2020 को दीपक पुत्र विनोद के साथ हुई। शादी पारिवारिक सहमति से हुई थी। विवाह के समय मेरी पुत्री के ससुरालजन ने मेरी पुत्री शुभलता की नौकरी को देखते हुए दहेज में कुछ नहीं मांगा था। विवाह के बाद से ही उनकी पुत्री शुभलता यह पति दीपक यादव, सास निर्मला देवी, ससुर विनोद कुमार तथा ननद नम, बेबी और पूनम दहेज में कार और आठ लाख नगदी मांगने लगे। जिसको पूरा करने के लिए मेरी पुत्री ने अपनी सैलरी स्टेट बैंक आफ इंडिया दातागंज से चार लाख का पर्सनल लोन लेकर दीपक के खाते में डाल दिया। जिसका उल्लेख मेरी पुत्री की सैलरी पासबुक में है। शेष नगदी व कार की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे थे। ससुरालियों ने शुभलता को आत्महत्या के लिए उकसाया। जिसके चलते शुभलता ने 16 सितंबर 2021 को फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली।

न्यायालय में दीपक यादव पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम लंगड़ा खेड़ा थाना बिहार जिला उन्नाव पर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने और हत्या करने की आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दोषी पाते हुए उसे सजा सुनाई।

## वन महोत्सव के तहत पुलिस लाइन में हुआ वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वन महोत्सव के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन्स, बदायूँ में सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक मनाए जा रहे वन महोत्सव के तहत संपन्न हुआ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर सभी ने पौधों के संरक्षण और उनके नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

अधिकारियों ने उपस्थित कर्मियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के संवर्धन के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में "एक वृक्ष, अनेक जीवन" का संदेश देते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## शादी की खुशियां बनीं मातम, नशे में पिकअप चालक ने सो रहे लड़की के चाचा को कुचला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के कादरचौक थाना क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां शादी समारोह के दौरान हुई लापरवाही ने एक व्यक्ति की जान ले ली। बारात में आई पिकअप गाड़ी के चालक ने शराब के नशे में चारपाई पर सो रहे अपने ही चाचा को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

कस्बा कादरचौक निवासी 40 वर्षीय श्यामसिंह पुत्र परमेश्वरी अपने भाई चरनसिंह की बेटी कुसुमा की शादी में व्यस्त थे। सोमवार रात जरीफनगर थाना क्षेत्र से बारात आई थी। शादी के सभी रस्म-रिवाज देर रात तक चलते रहे और कार्यक्रम संपन्न होने के बाद परिजन विश्राम करने लगे। बताया जाता है कि श्यामसिंह अपने घर के बाहर सड़क किनारे चारपाई डालकर सो गए थे। इसी बीच शादी में आए पिकअप गाड़ी का चालक शराब पीकर वहां पहुंचा। नशे की हालत में उसने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए चारपाई पर सो रहे श्यामसिंह के ऊपर चढ़ा दी। हादसा इतना भयावह था कि श्यामसिंह को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और वहां अफरा-तफरी मच गई। शादी का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए आरोपी चालक को पिकअप गाड़ी सहित पकड़ लिया और तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही कादरचौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में कुछ समय पहले तक शादी की खुशियां थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### 20 जुलाई तक करें हज आवेदन

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक आवेदक 20 जुलाई 2026 तक hajcommittee.gov.in वेबसाइट या 'हज सुविधा' ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया जुलाई के अंतिम सप्ताह में कुर्रा (डिजिटल लॉटरी) के जरिए होगी। चयनित यात्रियों को 10 अगस्त तक 1,52,300 रुपये अग्रिम जमा करने होंगे। आवेदन के लिए वैध अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट (31 दिसंबर 2027 तक वैध) अनिवार्य है। जिले में मदरसा शम्सुल उलूम, घंटाघर को हज ई-सुविधा केंद्र बनाया गया है, जहां निःशुल्क आवेदन सहायता उपलब्ध रहेगी।

## 10 जुलाई को बिल्सी आएंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद, नवनिर्मित रोडवेज़ स्टैंड का करेंगे लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने अधिकारियों संग किया मौके का निरीक्षण

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 10 जुलाई को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आएंगे, प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

मंगलवार को बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक हरीश शाक्य ने बताया कि उप-मुख्यमंत्री नगर के खैरी स्टैंड के पास बने नवनिर्मित रोडवेज स्टैंड का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि रोडवेज स्टैंड शुरू होने से क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। लोकार्पण के बाद उपमुख्यमंत्री अंबियापुर ब्लॉक परिसर पहुंचेंगे, जहां वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता और प्रशासन कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियों में जुटे हैं। मंगलवार को विधायक हरीश शाक्य ने खैरी स्टैंड स्थित रोडवेज परिसर और अंबियापुर ब्लॉक प्रांगण का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हों। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी शैली गोविल, कोतवाल मनोज कुमार सिंह, दीपक चौहान, सुधीर सोमानी, निखिल सक्सेना, पीयूष राठी, विवेक राठी, गगन राठी, ओम प्रकाश सागर आदि लोग मौजूद रहे।

## कारीगर हत्याकांड के दोषी को आजीवन कारावास की कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ वर्ष 2023 में आलापुर थाना क्षेत्र के म्याऊं के एक लॉन में खाना बनाने आया था आशीष

▸ उसी के साथी ने ईंट से सिर कुचलकर कर दी थी कारीगर की हत्या



**बदायूं।** तीन साल पुराने कारीगर हत्या कांड के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी रिंकू ने दोषी कर दिया है। उस पर आजीवन कारावास की कैद के साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर पुख्ता निवासी अवधेश सिंह ने वर्ष 2023 में अ लापुर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।बताया था कि उसका 26वर्षीय बेटा आशीष प्रताप सिंह पिछले तीन वर्ष से गांव के ही सुनील कुमार हलवाई के साथ कारीगरी का काम करता था। आठ मई को आशीष प्रताप सिंह, सुनील कुमार व उसके अन्य कारीगरों के साथ माधव लान म्याऊं में एक शादी में काम करने आया था। नौ मई की सुबह 8:00 बजे सुनील कुमार ने फोन करके सूचना दी कि मेरा लड़का आशीष प्रताप सिंह की मौत हो गई है। सूचना पर वह अपने भाई दुर्गेश एवं ज्ञानेंद्र सिंह को साथ लेकर माधव लान में पहुंचा। माधव लान की तीसरी मंजिल छत पर एक गद्दे पर मेरे लड़के आशीष प्रताप का शव औंधे मुह पड़ा मिला,जिसके पास काफी खून पड़ा था। लडके के चेहरे व सिर में चोट के निशान थे। पूछने पर सुनील ने बताया कि हमें खाना बनाते समय सुनील की ही लेवर के अखिलेश राठौर तेली पुत्र रामकिशन निवासी खेड़ा जलालपुर पुख्ता से आशीष का झगड़ा हो गया था। मैंने दोनों को समझा दिया था। रात में काम निपटाने के बाद हम नीचे ही लेट गए थे। आशीष प्रताप सिंह कब ऊपर जाकर लेट गया हमें पता नहीं चला। थाना पुलिस ने अखिलेश के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचक ने घटना से संबंधित सभी साक्ष्य संकलन करते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। तब से मामला कोर्ट में चल रहा था। मंगलवार को न्यायाधीश ने पत्रावली का अवलोकन करते हुए अखिलेश को दोषी पाया इसी के आधार पर उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पैरवी करने वाले पैरोकार विनय शर्मा एवं विवेचक निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान तथा लोक अभियोजक संजीव कुमार गुप्ता का योगदान सराहनीय रहा।

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे सतीश प्रेमी, परिजनों को दिया ढांढस

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत फैजगंज में कुलदीप जाटव एवं संजीव सागर के निधन की सूचना पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कॉर्डिनेटर सतीश प्रेमी उनके आवास पहुंचे और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर दुख साझा किया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। सतीश प्रेमी ने कहा कि इस दुखद घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर एडवोकेट कपिल, गौरव कुमार, प्रकाश प्रजापति, पाले अली, अनमोल सागर, मुकेश पाल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे और उन्होंने भी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।






## महंगाई के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बढ़ती महंगाई के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिले के व्यापारियों ने चिंता जताते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी दातागंज को सौंपा। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन एसडीएम प्रेमपाल सिंह को प्रेषित किया गया।

जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू और जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पेट्रोल, डीजल, घरेलू व वाणिज्यिक गैस तथा बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से व्यापार, कुटीर उद्योग और आम जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने मांग की कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तत्काल कमी की जाए और घरेलू एलपीजी गैस पर सब्सिडी बहाल कर आम जनता को राहत दी जाए। वहीं, जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों के दाम घटाने की मांग की, जिससे छोटे व्यापारी और होटल व्यवसायी राहत महसूस कर सकें। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा ने बिजली बिलों पर लगाए गए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार को समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि बिना सूचना विद्युत लोड बढ़ाना उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शंखधार ने परिवहन लागत कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया।

नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम व निम्न आय वर्ग, छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र व राज्य सरकार से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। इस दौरान संजीव आहूजा, सर्वत हमीद खान, जावेद खान, संजय रस्तोगी, दिनेश गुप्ता और सर्वेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मां के नाम पौधारोपण कर विधायक ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** वन महोत्सव के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्या के आवास परिसर में किया गया। इस अवसर पर विधायक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में विधायक आशुतोष मौर्या ने कहा कि बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण और घटता हरित क्षेत्र आज पूरे विश्व के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ऐसे में केवल पौधारोपण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का संकल्प ले। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि वन महोत्सव के दौरान तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

# सम्पादकीय

## पंजाब ने बड़ी कीमत देकर शांति पाई, सतलुज के जरिये पुराने जख्मों को कुरेदना गलत है

पंजाब के अशांत दौर, राष्ट्रीय सुरक्षा और अभिव्यक्ति की बहस के बीच एक बार फिर विवादों के केंद्र में आई फिल्म सतलुज ने देशभर में तीखी बहस छेड़ दी है। अभिनेता दिलजीत दोसांझ अभिनीत यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है। लेकिन यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि पंजाब के उस संवेदनशील और खून से सने दौर की कहानी को दोबारा सामने लाने की कोशिश है, जब आतंकवाद, अलगाववाद और सीमापार से प्रायोजित हिंसा ने पूरे राज्य को भय और अस्थिरता में धकेल दिया था। ऐसे समय में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर इस फिल्म को भारत में ओटीटी मंच से हटाने का फैसला न केवल उचित दिखाई देता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना किसी भी जिम्मेदार लोकतंत्र का कर्तव्य होता है। हम आपको बता दें कि यह फिल्म पहले घल्लूघारा नाम से शुरू हुई थी। बाद में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की आपत्तियों के बाद इसका नाम पंजाब-95 रखा गया और अंततः इसे सतलुज नाम से प्रदर्शित किया गया। फिल्म की विषयवस्तु पंजाब पुलिस के आतंकवाद विरोधी अभियान और उस दौरान कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि जसवंत सिंह खालड़ा ने 1984 से लेकर 1994 के बीच हजारों अज्ञात शवों के कथित अंतिम संस्कार के मामलों की जांच की थी। बाद में उनका खुद का अपहरण हुआ और उनकी हत्या कर दी गई। अदालत ने इस मामले में कुछ पुलिसकर्मियों को दोषी भी ठहराया था। देखा जाये तो इन तथ्यों से किसी को इंकार नहीं हो सकता कि पंजाब ने उस दौर में अत्यंत पीड़ा झेली। हजारों निर्दोष लोग मारे गए, परिवार उजड़ गए और भय का वातावरण पूरे राज्य पर छाया रहा। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया, उनके दर्द के प्रति संवेदना व्यक्त करना हर संवेदनशील समाज का दायित्व है। लेकिन इसके साथ यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि उस समय पंजाब किस परिस्थिति से गुजर रहा था, इसे भी ईमानदारी से समझा जाए। सीमापार से आतंकवाद को खुला समर्थन मिल रहा था। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां पंजाब को अस्थिर करने के लिए सक्रिय थीं। अलगाववादी संगठन खुलेआम हथियारबंद हिंसा चला रहे थे। पुलिसकर्मियों, पत्रकारों, नेताओं और आम नागरिकों की हत्याएं रोजमर्रा की खबर बन चुकी थीं। ऐसे भयावह दौर में पंजाब पुलिस ने जिस कठोर अभियान को चलाया, उसी के कारण राज्य धीरे धीरे सामान्य स्थिति में लौट सका। उस समय के पुलिस महानिदेशक केपीएस गिल को लेकर आज अलग अलग राय हो सकती है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि अगर पंजाब पुलिस और सुरक्षा बल कठोर कार्रवाई नहीं करते, तो शायद पंजाब आज भी आतंकवाद की आग में झुलस रहा होता। जिन्होंने उस दौर को अपनी आंखों से देखा है, वह जानते हैं कि हालात कितने गंभीर थे। केपीएस गिल और उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ जो अभियान चलाया, उसी ने पंजाब को अलगाववाद और बंदूक की राजनीति से बाहर निकालने में निर्णायक भूमिका निभाई। आज कुछ राजनीतिक दल और कथित बुद्धिजीवी पुलिसिया कार्रवाई को केवल एकतरफा तरीके से प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि उस समय पंजाब में किस दल की सरकार थी। उस समय राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर सत्ता किसके हाथ में थी और निर्णय कहां से लिए जाते थे, यह इतिहास का हिस्सा है। साथ ही जो लोग आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई दे रहे हैं, उन्हें अपने अतीत में भी झांकना चाहिए। खासतौर पर कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि आपातकाल के दौरान देश की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता क्यों कुचल दी गई थी? अखबारों पर सेंसरशिप क्यों लगाई गई थी? विपक्षी नेताओं को जेलों में क्यों डाला गया था? यदि आज कोई सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर कोई कदम उठाती है, तो उसे तानाशाही कहना इतिहास के साथ अन्याय होगा। इसी के साथ पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की भूमिका पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। जिस तरह उसके कुछ नेता सतलुज फिल्म के पक्ष में खुलकर बयान दे रहे हैं, उससे यह आशंका भी पैदा होती है कि कहीं यह प्रयास राज्य सरकार की कथित नाकामियों से जनता का ध्यान हटाने की रणनीति तो नहीं है। कहीं आम आदमी पार्टी यह तो नहीं चाहती कि विधानसभा चुनावों में उसके कामकाज की बजाय इतिहास की घटनाएं ही मुद्दा बन जायें? सभी को यह समझना होगा कि इतिहास से सीख लेना आवश्यक है, लेकिन इतिहास को वर्तमान पर इस तरह हावी कर देना कि भविष्य ही प्रभावित होने लगे, किसी भी राज्य और समाज के लिए उचित नहीं माना जा सकता। पंजाब को आज विकास, रोजगार, नशे के खिलाफ कड़े कदम और कानून व्यवस्था सुधारने जैसे वास्तविक मुद्दों पर आगे बढ़ने की जरूरत है, न कि पुराने घावों को बार बार कुरेदकर राजनीतिक लाभ लेने की। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि पंजाब कोई सामान्य राज्य नहीं, बल्कि देश का सीमावर्ती और अत्यंत संवेदनशील प्रदेश है। यहां के सामाजिक और धार्मिक तानेबाने को बिगाड़ने की कोशिशें पहले भी होती रही हैं और आज भी दुश्मन ताकतें मौके की तलाश में रहती हैं। ऐसे में पुराने घावों को इस प्रकार कुरेदना, जिससे समाज में नई वैमनस्यता पैदा हो, बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि किसी भी संवेदनशील विषय को बिना व्यापक सामाजिक परिणामों पर विचार किए प्रस्तुत कर दिया जाए। फिल्म के प्रदर्शन को लेकर जिस प्रकार विवाद बढ़ा, उसने यह भी दिखाया कि ओटीटी मंचों के लिए स्पष्ट और कठोर नियमों की आवश्यकता है। फिल्म को केंद्रीय प्रमाणन बोर्ड ने अनेक कट लगाने के सुझाव दिए थे। पहले 21 कट और बाद में 120 से अधिक संशोधनों की बात सामने आई। इसके बावजूद फिल्म निमार्ताओं ने नया नाम देकर इसे ओटीटी मंच पर जारी कर दिया। ऐसे में सरकार द्वारा हस्तक्षेप करना स्वाभाविक था। यदि किसी सामग्री से सामाजिक तनाव या अलगाववादी भावनाओं को हवा मिलने की आशंका हो, तो सरकार का कर्तव्य है कि वह समय रहते कदम उठाए। दिलचस्प बात यह भी रही कि अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने स्वयं पहले ही आशंका जता दी थी कि फिल्म को भारत में हटाया जा सकता है। बाद में उन्होंने लोगों से इसे डाउनलोड कर दूसरों को दिखाने की अपील भी की। यह रवैया कई सवाल खड़े करता है। जब मामला इतना संवेदनशील हो, तब जिम्मेदार कलाकारों को समाज में शांति और संतुलन बनाए रखने का संदेश देना चाहिए, न कि विवाद को और भड़काने वाला व्यवहार करना चाहिए। यह सही है कि इतिहास के कठिन अध्यायों पर चर्चा होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और सम्मान मिलना चाहिए। लेकिन किसी भी चर्चा का उद्देश्य समाज को बांटना नहीं, बल्कि सीख देना होना चाहिए। पंजाब ने बहुत खून बहते देखा है। वहां की नई पीढ़ी शांति, विकास और भाईचारे के साथ आगे बढ़ना चाहती है। ऐसे समय में किसी भी प्रकार की ऐसी प्रस्तुति, जिससे अलगाववादी मानसिकता को बल मिले या सुरक्षा बलों के मनोबल पर आघात पहुंचे, उसे गंभीरता से देखने की आवश्यकता है। बहरहाल, सरकार का निर्णय इसी व्यापक राष्ट्रीय हित और सुरक्षा के संदर्भ में समझा जाना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ऊपर राष्ट्र की एकता, सामाजिक सद्भाव और सीमावर्ती राज्यों की स्थिरता है। पंजाब ने कठिन संघर्ष के बाद शांति हासिल की है। यह शांति किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। देश की जनता भी यही चाहती है कि अतीत की त्रासदियों से सीख लेते हुए आगे बढ़ा जाए, न कि उन्हें राजनीतिक और वैचारिक संघर्ष का नया हथियार बनाया जाए।

# पंजाब में भी आत्मघात पर आमादा कांग्रेस

*ऐसा दावा नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरी, पर सत्ता से विदाई की भूमिका खुद कांग्रेस आलाकमान ने लिखी। भाजपा से दरकिनार नवजोत सिंह सिद्धू के कांग्रेस में शामिल होते ही आलाकमान उन पर इस कदर मेहरबान हुआ कि पहले तो सुनील जाखड़ को हटा कर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया और फिर उनकी जिद के आगे झुकते हुए अपने सबसे वरिष्ठ नेता अमरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर कर दिया।*



राजकुमार सिंह

(लेखक 'दैनिक ट्रिब्यून के पूर्व संपादक हैं)

कांग्रेसी भी कांग्रेस को हराते हैं'-यह कहावत जिन्हें मजाक लगती हो, उन्हें पंजाब का हाल देख लेना चाहिए। सीमावर्ती पंजाब उन चंद राज्यों में है, जहां कांग्रेस सत्ता में नहीं है, पर सत्ता की दावेदार अवश्य है। 2022 में अपनी गलतियों से भी पंजाब की सत्ता गंवाने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने वहां अच्छा प्रदर्शन किया। विधानसभा चुनाव में 117 में से 92 सीटें जीत कर इतिहास रचने वाली आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस को टक्कर भर दे पायी। इसलिए अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता की दावेदार तो है। 18 सीटों के साथ ही सही, कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। 1966 में पंजाब विभाजन के बाद के ही आंकड़े देखें तो उसके बाद हुए 13 विधानसभा चुनावों में से उसने पांच जीते हैं। ऑपरेशन ब्लू स्टार और सिख विरोधी दंगों के बावजूद पंजाब में कांग्रेस प्रासंगिकता बनाये रखने में सफल रही है। एक दल के रूप में पंजाब को सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री कांग्रेस ने ही दिये हैं। कांग्रेस को शिरोमणि अकाली दल ही चुनौती देता रहा है, जिसकी सबसे बड़ी ताकत पंथिक राजनीति मानी जाती है, लेकिन पिछली बार तीन-चौथाई बहुमत से सत्ता हासिल कर आप ने सारे परंपरागत समीकरण ध्वस्त कर दिये।

लंबी छलांग लगाते हुए आप 20 से 92 सीटों पर पहुंच गयी, जबकि कांग्रेस 77 से फिसल कर 18 पर आ गयी। मात्र तीन सीटों के साथ अकाली दल पहली बार पंजाब की राजनीति में अप्रासंगिक होता नजर आया। अकाली दल से गठबंधन टूटने के चलते अकेले लड़ी भाजपा भी दो सीटों पर सिमट गयी। अकाली दल और भाजपा का यह हश्र इसलिए भी चौकाने वाला रहा, क्योंकि 2007 और 2012 में लगातार सत्ता का जनादेश दे कर पंजाब के मतदाताओं ने हर चुनाव में सरकार बदल देने की अपनी परंपरा ही बदल दी थी। दरअसल सत्ता का नशा उतारने के लिए मतदाता इसी तरह जोर का झटका धीरे से देते हैं। बेअदबी के मामलों से लेकर बेलगाम नशा तस्करी और बिक्री तक के तमाम आरोपों के चक्रव्यूह से अकाली दल निकल ही नहीं पाया। 2017 के चुनावों में भी अरविंद केजरीवाल की आप की बड़ी चर्चा थी, पर कुछ संदेहास्पद संपर्कों के आरोपों तथा मुख्यमंत्री चेहरा घोषित न करने से उपजी अटकलों ने उसे 20 सीटों पर रोक दिया–और 77 सीटों के साथ कैप्टन अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बन गयी। ऐसा दावा नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरी, पर सत्ता से विदाई की भूमिका खुद कांग्रेस आलाकमान ने लिखी। भाजपा से दरकिनार नवजोत सिंह सिद्धू के कांग्रेस में शामिल होते ही आलाकमान उन पर इस कदर मेहरबान हुआ कि पहले तो सुनील जाखड़ को हटा कर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया और फिर उनकी जिद के आगे झुकते हुए अपने सबसे वरिष्ठ नेता अमरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर कर दिया।



सिद्धू ने बिसात तो खुद मुख्यमंत्री बनने के लिए बिछायी थी, लेकिन लॉटरी चरणजीत सिंह चन्नी की खुल गयी। अमरेंद्र- जाखड़ की दिग्गज जोड़ी की कांग्रेस से बेआबरू विदाई के बावजूद सिद्धू खफा ही रहे। टिकट वितरण से ले कर चुनाव प्रचार तक साफ दिखी सिद्धू और चन्नी के बीच तनातनी ने रही-सही कसर पूरी कर दी। कांग्रेस 18 सीटों पर सिमट गयी और 'ट्रंप कार्ड' बताये जा रहे दलित मुख्यमंत्री दोनों सीटों से चुनाव हार गये। चुनावी हार-जीत होती रहती है। लेकिन कांग्रेस की समस्या है कि वह सबक नहीं सीखती। मुख्यमंत्री पद के महत्वाकांक्षी सिद्धू ने चुनाव के बाद ही कांग्रेस से दूरियां बढ़ा ली थीं, लेकिन आलाकमान ने राज्य में नया नेतृत्व और मजबूत संगठन तैयार करने की दिशा में कुछ नहीं किया। आप के अलावा जमीन पर कांग्रेस ही दूसरा दल रही, इसलिए लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन अच्छा रहना ही था, पर आलाकमान उसी पर आत्ममुग्ध हो गया। आप, अकाली दल और भाजपा की सक्रियता बढ़ती देख कांग्रेस ने भी संगठनात्मक बदलाव का संकेत तो दिया, पर दरबारी संस्कृति के वशीभूत आलाकमान साहस नहीं जुटा पाया। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बरकरार रखते हुए चन्नी को प्रचार समिति प्रमुख और सुखजिंदर सिंह रंधावा को कोर कमिटी प्रमुख जैसे प्रयोगों ने अन्य दिग्गजों को साधने की कोशिश की गयी तो अंतर्कलह सतह पर आ गया।

प्रदेश अध्यक्ष या फिर मुख्यमंत्री चेहरा बनने पर आमादा चन्नी ने बगावती तेवर दिखाते हुए समर्थकों की बैठक बुला ली तो रंधावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिल आये। सांसद मनीष तिवारी ने भी अपना दर्द सोशल मीडिया पर जाहिर किया। राजनीतिक विरोधी इसे चुनाव पूर्व ही टूट की संभावना के रूप में देख रहे हैं, पर कांग्रेस को उम्मीद है कि राहुल गांधी के विदेश यात्रा से लौटने पर सब कुछ ठीक हो जायेगा। क्या होगा, यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन पंजाब के कांग्रेसी आत्मघात पर आमादा नजर आ रहे हैं। ज्यादा अतीत में न भी झांकें तो दो तरह के उदाहरण हैं: राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा जैसे राज्यों में नेताओं का सत्ता संघर्ष ही कांग्रेस को ले डूबा, जबकि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में एकजुटता से उन्होंने भाजपा से सत्ता छीन ली। जाहिर है, मुख्यमंत्री तो एक ही नेता बनेगा। हां, उपमुख्यमंत्री बना कर एक-दो और नेताओं का अहं तुष्ट किया जा सकता है, लेकिन उससे पहले चुनाव जीत कर बहुमत हासिल करना होगा–और उसके लिए पहली अनिवार्यता है कि कांग्रेस एकजुट हो कर चुनाव लड़े और अच्छे उम्मीदवार उतारे। माना कि अनेक कारणों से आप का ग्राफ गिर रहा है, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि पिछली बार उसने बहुमत के आंकड़े से भी 33 सीटें ज्यादा जीती थीं। दूसरी ओर शिरोमणि अकाली दल और भाजपा भी लगातार अपनी ताकत बढ़ाने में लगे हैं। हर चुनाव के मुद्दे और उनके आधार पर मतदाताओं का फैसला अलग रहता है, लेकिन हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में आप 1977 में से 945 सीटें ही जीत पायी। पिछले 11 सालों में ऐसा पहली बार हुआ कि सत्तारूढ़ दल 1000 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। दूसरी ओर कांग्रेस 380, अकाली दल 191 और भाजपा 169 सीटें जीतने में सफल रहीं। जाहिर है, 2021 में मात्र 59 सीटें जीतने वाली भाजपा अपने इस प्रदर्शन से बेहद उत्साहित है। आप के जो सात राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें से छह पंजाब से ही हैं। केवल सिंह ढिल्लो को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाने वाली भाजपा अन्य दलों से असरदार नेताओं को लाने में भी जुटी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पंजाब में लगातार सक्रियता भी अकारण नहीं है। पंजाब का राजनीतिक इतिहास और सामाजिक समीकरण भाजपा की चुनावी संभावनाओं को ज्यादा बल नहीं देता, पर अकाली दल से पुनः गठबंधन की संभावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। अलग-अलग चुनाव लड़ कर दोनों को अपनी असली ताकत पता चल चुकी है। कहना नहीं होगा कि अकाली-भाजपा गठबंधन से चुनावी परिदृश्य पूरी तरह बदल जायेगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

# साइबर अपराधः डिजिटल युग के परजीवी



लालजी जायसवाल

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

भारत तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यूपीआई, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन निवेश और ई-गवर्नेंस ने आम नागरिक के जीवन को सरल बनाया है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने साइबर अपराधियों को 'परजीवी' बताते हुए कहा कि वे निवेशकों की गाढ़ी कमाई को धोखे से हड़प लेते हैं और ऐसे अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी समाज के हित में नहीं हो सकती। न्यायालय की यह टिप्पणी वर्तमान समय की गंभीर चुनौती को रेखांकित करती है। साइबर अपराध अब केवल तकनीकी अपराध नहीं रह गए हैं, बल्कि यह आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक विश्वास और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न बन चुके हैं। आज फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड, यूपीआई धोखाधड़ी, फिशिंग और डीपफेक तकनीक के माध्यम से लाखों लोगों को ठगा जा रहा है। वर्तमान परिदृश्य में साइबर अपराध का स्वरूप और भी जटिल हो गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने धोखाधड़ी के नए रास्ते खोल दिए हैं। किसी व्यक्ति की आवाज और वीडियो की नकल कर परिवारजनों से पैसे मांगने जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं विकसित की हैं। परंतु अपराधियों की बदलती रणनीतियों के सामने संस्थागत क्षमता, तकनीकी दक्षता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता है। डिजिटल भारत की सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब नागरिकों का डिजिटल व्यवस्था पर विश्वास सुरक्षित रहेगा।

**साइबर ठगी की बढ़ती घटनाएंः** साइबर अपराध केवल बैंक खाते से पैसे चोरी नहीं करता, बल्कि नागरिकों के मन से विश्वास भी चुरा लेता है। जब कोई व्यक्ति डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन निवेश या सरकारी पोर्टल पर भरोसा खोने लगता है, तब नुकसान केवल उस व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे डिजिटल भारत अभियान का होता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा साइबर अपराधियों को 'परजीवी' कहना केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ का सटीक चित्रण है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत में साइबर और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में तेजी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026 में ?48,021 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी के 10,114 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा, 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के बड़े मामले रिपोर्ट हुए हैं। बता दें कि साल 2018-19 में डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड 74 फीसदी बढ़कर 71,543 करोड़ रुपए का हो गया था। इससे एक साल पहले वित्त वर्ष यानि कि 2017-18 तक यह आंकड़ा 41,168 करोड़ रुपए हुआ करता था। बैंकों ने 2018-19 में 6,801 फ्रॉड के मामलों की जानकारी दी, जोकि 2017-18 में 5,916 थी। वहीं निजी क्षेत्र और विदेशी



बैंकों की धोखाधड़ी में कुल धोखाधड़ी में हिस्सेदारी 30.7 फीसदी ओर 11.2 फीसदी रही। पिछले ग्यारह वित्त वर्ष में बैंक फ्रॉड के कुल 53,334 मामले सामने आए हैं, जबकि इनके जरिये 2.05 लाख करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2022- 2023 में तीस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की बैंक धोखाधड़ी की शिकायतें देश में दर्ज की गई थी। पिछले एक दशक में जून, 2014 से लेकर मार्च, 2023 तक भारतीय बैंकों में 65,017 ठगी के मामले सामने आए, जिनमें 4.69 लाख करोड़ रुपए की ठगी की जा चकी थी। अब 'डिजिटल अरेस्ट' भी साइबर अपराधियों का एक बड़ा हथियार बनकर सामने आ रहा है। जिसे साइबर ठगी में नवोन्मेष के रूप में देखा जा सकता है।

डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है, उसे पेनाल्टी या जुर्माना देना होगा। मालूम हो कि ठगी करने के कई तरीके होते हैं। जैसे, किसी कूरियर का नाम लेकर कि इसमें गलत सामान आया है। आपके बैंक खाते से इस तरह के ट्रांजैक्शन हुए हैं जो फाइनेंशियल फ्रॉड रिलेटेड हैं। मनी लॉन्ड्रिंग, एनडीपीएस का भय दिखाकर अधिकतर उन लोगों को फंसाया जाता है, जो पढ़े-लिखे और कानून के जानकार होते हैं। ऐसे लोगों को डराकर उनसे डिजिटल माध्यम से फिरौती मांगी जाती है। जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है उनके पैन कार्ड, आधार कार्ड समेत कई अन्य डेटा को गैरकानूनी तरीके से इकट्ठा किया जाता है। उनके खाते से पैसे ट्रांसफर कराये जाते हैं। कई बार क्रिप्टो या गेमिंग एप के माध्यम से हवाला के जरिए पैसे को बाहर भेजा जाता है। लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी सरकारी एजेंसी ऑनलाइन तरीके से पूछताछ नहीं करती है।

साइबर ठगी से सुरक्षा की रणनीति : साइबर ठगी पर नियंत्रण के लिए अन्य देशों से सीखने की जरूरत है। गौरतलब है कि सिंगापुर ने एक विशिष्ट ढांचा लागू किया है, जिसके तहत फिशिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में बैंक और टेलीकॉम कंपनियों की जवाबदेही तय की जाती है। यदि वे सुरक्षा मानकों में चूक करते हैं, तो उन्हें पीड़ित को मुआवजा देना पड़ता है। यूके में बैंकों को संदिग्ध धोखाधड़ी वाले लेनदेन में देरी करने का कानूनी अधिकार दिया गया है। इसके तहत वे धन निकासी को 72 घंटे तक रोक सकते हैं ताकि धोखाधड़ी की जांच की जा सके। ध्यातव्य है कि यूरोपीय देशों और अमेरिका में, धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग हो रहा है। ये प्रणालियां यूजर के व्यवहार (जैसे टाइप करने की गति, माउस का मूवमेंट और नेविगेशन पैटर्न) का विश्लेषण करती हैं। असामान्य व्यवहार दिखने पर यह तुरंत अलर्ट जारी कर देती हैं। भारत में भी नवाचार व्यवस्था पर ध्यान लाना होगा जिससे ठगी की घटनाएं नियंत्रित हो सके।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

# मुश्किलों के बीच निर्यात बढ़ाने की चुनौती

इस समय जब वैश्विक निर्यात की वृद्धि दर में कमी आती दिख रही है, तब भारत निर्यात बढ़ाने के साथ इस वर्ष निर्यात के ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बोर्ड आफ ट्रेड की बैठक में सभी राज्यों के औद्योगिक संगठनों से कहा कि सरकार द्वारा निर्यात की राह को आसान बनाया जा रहा है और भारत विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कुल एक लाख करोड़ डालर के निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। चालू वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात का लक्ष्य लगभग 530 अरब डालर (16-17 प्रतिशत वृद्धि) और सेवा निर्यात का लक्ष्य लगभग 470 अरब डालर (11-12



प्रतिशत वृद्धि) अनुमानित है।

पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 863 अरब डालर था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वस्तु निर्यात में 15 प्रतिशत और सेवा निर्यात में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस समय सरकार निर्यात बढ़ाने की रणनीति के तहत निर्यातकों को विभिन्न लाभ दे रही है। सरकार छोटे उद्योगों के अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन का खर्च 'निर्यात संवर्धन मिशन' के तहत उठाएगी। उसने सतत टेक्सटाइल, टेक्निकल टेक्सटाइल, परफार्मेंस टेक्सटाइल और मेडिकल टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों को भी चिह्नित किया है। जिन क्षेत्रों में भारत पहले से ही उल्लेखनीय रूप से निर्यात कर रहा है सरकार की नई रणनीति उन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने, तरजीह मिले हुए सेक्टर में निर्यात के विविधीकरण करने, गैर शुल्क बाधाएं कम करने तथा आपूर्ति से जुड़ी कमियों को दूर करने पर केंद्रित है।

यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), आस्ट्रेलिया आदि देशों के साथ भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों को हाल में पूरे देश में लागू की गईं चार नई श्रम संहिताएं अधिक लाभप्रद बना सकती हैं। नए श्रम कानूनों से सेवा निर्यात में भी वृद्धि होते हुए दिखाई देगी। यह बात अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नवीनतम सेवा निर्यात से संबंधित अध्ययन रिपोर्ट में भी रेखांकित हो रही है। इसमें कहा गया है कि हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। ये ऐसी सेवाएं हैं, जिन्हें बिना भौतिक निकटता के सीमाओं के पार पहुंचाना आसान है। साथ ही डिजिटल प्लेटफार्म, क्लाउड कंप्यूटिंग और रिमोट वर्क ने कई सेवाओं को व्यापार योग्य बना दिया है। जैसे-जैसे दूरी का महत्व कम होता जा रहा है और डिजिटल व्यापार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ रहा है। वैश्विक सेवाओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2004-05 में 1.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025-26 में करीब 4.3 प्रतिशत हो गई। इस समय दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को निर्यात बढ़ाने के लिए निर्यात के नए बाजार और निर्यात विविधता की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। विशेष रूप से चिह्नित किए गए नए देशों के निर्यात बाजारों में अपनी निर्यात पैठ बनाने के हरसंभव उपाय करने होंगे। वर्तमान में भारत से कुल निर्यात का अधिकांश भाग अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, सऊदी अरब और चीन जैसे कुछ प्रमुख देशों पर निर्भर है। अब ऐसे देशों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि किसी एक या कुछ देशों में आर्थिक सुस्ती का सीधा असर भारत पर न पड़े। अब पारंपरिक बाजारों के अलावा उत्तर-पूर्व एशिया और पूर्वी अफ्रीका जैसे नए उभरते क्षेत्रों तक निर्यात पहुंच बढ़ानी होगी। निर्यात विविधीकरण पर भी ध्यान देना होगा। हमें निर्यात बढ़ाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कई बातों पर ध्यान देना होगा। अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय भारत को मध्यम अवधि की राजकोषीय और बाह्य स्थिरता को सुरक्षित रखना होगा। लंबे समय से लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। एआई जैसे उच्चस्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल ढांचा और नियामकीय बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से आसान बनाना होगा, जो सीमाओं के पार सेवा निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकें। निर्यातकों की दिक्कतों को कम करना होगा। ये दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं, वरन निर्यात पर लगाए गए एंटी-डंपिंग शुल्क से भी संबंधित हैं। भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के अधिकतम लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता बढ़ाने और गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उम्मीद करें कि विभिन्न देशों के साथ भारत के एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौते शीघ्रतापूर्वक आकार लेते हुए दिखाई देंगे। भारत निर्यात के नए बाजारों और निर्यात की विविधता से इस वर्ष निर्यात के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ डालर वस्तु निर्यात और एक लाख करोड़ डालर सेवा निर्यात का लक्ष्य प्राप्त करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

**(लेखक अर्थशास्त्री हैं)**

## एक नजर

### यूपी चुनाव से पहले तीन नए एक्सप्रेसवे की तैयारी, जमीन अधिग्रहण तेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य को तीन नए एक्सप्रेसवे की सौगात देने की तैयारी में है। इसके तहत मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे, विंध्य एक्सप्रेसवे और विंध्य-पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से शासन ने इन तीनों कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। संबंधित जिला प्रशासनों को जमीन चिन्हित कर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है ताकि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले धरातल पर काम शुरू कराया जा सके। इन नए एक्सप्रेसवे के निर्माण से न केवल धार्मिक और औद्योगिक क्षेत्रों को तीव्र कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि प्रदेश में व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# अवैध बिल्डिंग पर बुधवार को फैसला

### एक दिन की मोहलत

**लखनऊ (एजेंसी)।** अलीगंज के सेक्टर डी में भीषण अग्निकांड के 15 दिन बाद भी अवैध भवन के संबंध में अंतिम निर्णय नहीं हो सका। मंगलवार को एलडीए के विहित प्राधिकारी कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपित पक्ष के अधिवक्ताओं ने जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय मांगा। उनका कहना था कि भूखंड स्वामी के जेल में होने के कारण तय समय सीमा के भीतर जवाब तैयार व दाखिल नहीं किया जा सका। कोर्ट ने एक दिन का समय दिया है। अब बुधवार को इस मामले में निर्णय हो सकता है।

एलडीए के विहित न्यायालय में मंगलवार को 24 मामले सूचीबद्ध थे, लेकिन केवल अलीगंज अग्निकांड से जुड़े मामले पर ही सुनवाई हुई। आरोपित पक्ष के अधिवक्ता देवांश त्रिवेदी ने कहा, जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय दीजिए। कोर्ट ने दो दिन का समय देने से इनकार करते हुए सिर्फ एक दिन के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिया है।

अब बुधवार को भी प्रकरण की सुनवाई होगी। संबंधित अवैध भवन 12 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित है। नियमों के तहत इस श्रेणी की सड़क पर कुछ मामलों में उपयोग परिवर्तन (चेंज आफ यूज) व कंपाउंडिंग की अनुमति मिल सकती है। इसीलिए भवन स्वामी की ओर से एलडीए में प्रार्थना पत्र देकर नया मानचित्र पास कराने और कंपाउंडिंग के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की गई थी। सूत्रों का कहना है कि यदि निर्माण नियमों के अनुरूप कंपाउंडिंग हुई तो ध्वस्तीकरण कार्रवाई प्रभावित होगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया, सुनवाई पूरी होने के बाद भवन अवैध होने पर तीन दिन में ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 22 जून को अलीगंज स्थित भवन में भीषण आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद प्रशासन और एलडीए ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू किया है। एलडीए ने 23 जून को भवन को अवैध निर्माण मानते हुए उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की धारा 27(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया था। भवन स्वामी के जेल में होने के कारण नोटिस वहीं तामील कराया गया। नोटिस की अवधि सोमवार को पूरी हो चुकी है।

## लखनऊ-कानपुर NH 27 पर टोल टैक्स बढ़ेगा

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ से कानपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 27) पर टोल की दरें और बढ़ाने की तैयारी है। कार का टोल अभी 95 रुपये है जो बढ़कर 115 रुपये हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) को प्रस्ताव भेजा है और मंजूरी के बाद दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी जाएंगी। प्राधिकरण का तर्क है कि यह दरें इसलिए बढ़ाई जा रही हैं, क्योंकि शहीद पथ से दारोगा खेड़ा तक (करीब 14 किमी.) एक्सप्रेसवे के रूप में सड़क का चौड़ीकरण करते हुए छह लेन बनाया गया है। इसके अलावा दारोगा खेड़ा के पास इंटरसेक्शन बनाकर कानपुर-राजमार्ग व एक्सप्रेसवे को आउटर रिंग रोड से जोड़ा गया है। यहां टोल गेट नहीं है, इसलिए नवाबगंज स्थित टोल पर इसकी दरें वसूली जाएंगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह दरें वैसे तो लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (एनई छह) के चलते ही लागू होनी थी, लेकिन मंजूरी मिलने का प्राधिकरण इंतजार कर रहा है।

## यूपी के आश्रम पद्धति विद्यालयों में अगस्त महीने से शुरू होंगे स्किल कोर्स

लखनऊ। प्रदेश में युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करने की कवायद और तेज होगी। आइटीआइ (राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) और कौशल विकास केंद्रों में उद्योगों की जरूरत के मुताबिक नए शार्ट टर्म और रोजगारपरक कोर्स शुरू किए जाएंगे, उनकी नियमित निगरानी भी होगी। साथ ही शार्ट टर्म रोजगारपरक कोर्स बढ़ाने के साथ अगले महीने से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी आधुनिक स्किल कोर्स शुरू करेगी, जिससे आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को भी तकनीकी प्रशिक्षण मिल सकेगा।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानभवन में विभागीय समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि बदलते समय के अनुसार युवाओं के लिए अधिक से अधिक शार्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएं। प्रशिक्षण में साफ्ट स्किल, डिजिटल लर्निंग, संवाद कौशल, इंटरव्यू की तैयारी, रिज्यूमे लेखन और व्यक्तित्व विकास जैसे विषय भी शामिल किए जाएं, ताकि युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़े। कहा कि हर जिले और मुख्यालय स्तर पर योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। प्रशिक्षण केंद्रों की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जाए। बैठक में अटल आवासीय विद्यालयों में चल रहे कौशल प्रशिक्षण की समीक्षा भी की गई। मंत्री ने उद्योगों के साथ बेहतर समन्वय बढ़ाने, रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने और सफल प्रशिक्षुओं की कहानियों का इंटरनेट मीडिया सहित अन्य माध्यमों से प्रचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोबोटिक्स, आटोमेशन, सीएनसी, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 जैसी आधुनिक तकनीकों से जुड़े प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

## आम यात्रियों संग ट्रेन में सफर करेंगी राज्यपाल आनंदीबेन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आगामी दौरों ने रेलवे प्रशासन की धड़कनें बढ़ा दी हैं। इतिहास में पहली बार राज्य की राज्यपाल आम यात्रियों के साथ साधारण ट्रेनों में सफर करेंगी। जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, उनकी पहली यात्रा 10 जुलाई को उत्सर्ग एक्सप्रेस से ऐशबाग से कानपुर तक प्रस्तावित है, जबकि उसी शाम वह ट्रेन से ही लखनऊ वापस लौटेंगी।

इसके बाद, उनकी दूसरी यात्रा 16 जुलाई को लखनऊ-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस से होगी। महामहिम के इस औचक फैसले के बाद रेलवे बोर्ड से लेकर स्थानीय जिला प्रशासन तक सुरक्षा और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने में जुट गया है। वीवीआईपी (VVIP) सुरक्षा प्रोटोकॉल को बनाए रखते हुए आम जनता की सहूलियत को संतुलित रखना इस समय रेलवे के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

## दुकानों पर मदरसा और अवैध भर्ती की जांच शुरू

**लखनऊ (एजेंसी)।** बाराबंकी में व्यावसायिक दुकानों की ऊपरी मंजिल पर मदरसा संचालित करने और शिक्षकों की नियुक्तियों में अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने दो सदस्यीय जांच समिति गठित की है। जिसे एक पखवारे में रिपोर्ट सौंपनी है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजी गयी शिकायत में आरोप लगाया गया था कि बाराबंकी नगर पालिका क्षेत्र के पीर बटान में स्थित राज्य अनुदानित मदरसा दारुल उलूम व्यावसायिक दुकानों की ऊपरी मंजिल पर चल रहा है, यह मदरसा नियमावली के विरुद्ध है। मदरसे की प्रबंध समिति विधिक नहीं है। इस मदरसे में सारे नियमों की नजर अंदाज कर शिक्षकों की नियुक्तियां की गयी हैं। यह भी आरोप लगाया है कि यहां से राजनीतिक गतिविधियां संचालित होती हैं। इस शिकायत पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक शीलधर यादव ने आरोपों की जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण स्तर के दो अधिकारियों एसपी आंबेडकर और सोनकुमार की दो सदस्यीय जांच समिति गठित की है। इस समिति को मदरसा जिस स्थान पर चल रहा वहां पर्याप्त स्थान है या नहीं है, उसका नक्शा पास है कि नहीं। इस मदरसे में कब और कितनी नियुक्तियां की गयीं। इन नियुक्तियों का अनुदान करने वाले जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कौन थे। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक का कहना है कि आरोपों की जांच के लिए समिति गठित की गयी है।

## 2027 चुनाव से ही लागू हो महिला आरक्षणः अखिलेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा में मानसून सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन बिल के दोबारा पेश होने की चर्चाओं के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण की व्यवस्था 2027 के विधान सभा चुनाव में ही लागू करने की मांग उठाई है। सपा प्रमुख ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, 'मांग है कि: परिसीमन बिल के माध्यम से उच्च सदन में भी सीटें बढ़ाई जाएं। महिला आरक्षण बिल के माध्यम से पीडीए में शामिल पिछड़े समाज और अल्पसंख्यक मुस्लिम महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। महिला आरक्षण 2027 के उप्र के विधानसभा चुनाव में ही लागू कर दिया जाए।' इससे पहले पहले महिला संगठनों के प्रतिनिधि मंडल ने सपा प्रमुख से महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से क्रियान्वयन कराने की मांग की। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर महिला संगठनों व नागरिक समाज से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने सपा प्रमुख से मुलाकात कर मांग उठाई कि संसद के आगामी मानसून सत्र में संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर महिला आरक्षण को तत्काल लागू कराया जाए। सपा, संसद के भीतर और बाहर इस मांग का समर्थन करे और केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को जनगणना व परिसीमन से अलग कर लागू करने के लिए दबाव बनाए। सपा प्रमुख ने मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि महिला आरक्षण केवल लोकसभा तक सीमित न रहकर विधान परिषद और राज्यसभा में भी लागू किया जाना चाहिए, जिससे महिलाओं को सभी विधायी संस्थाओं में समान प्रतिनिधित्व मिल सके। वहीं सपा प्रमुख ने एक बयान में कहा है कि भाजपा की 'धर्म' और 'धन' दोनों राजनीति का अंत हो गया है। दुनिया भर में कच्चे तेल के दाम गिरने से पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी कमी आई है, लेकिन भारत में भाजपा सरकार दाम नहीं घटा रही है। भाजपा सरकार कंपनियों की सगी है, जनता की नहीं। भाजपा के जिन करोड़ों वोटों में कमी आई है, उन वोटों की कमी को भाजपा पैसे से खरीद कर पूरा करना चाहेगी, लेकिन धर्म के नाम पर की गई चोरी के पैसों को कोई नहीं लेना चाहेगा। भारत की धर्मभीरू जनता पाप के पैसों की हिस्सेदार नहीं बनेगी। जो भाजपा का साथी, वो रामघाती। एक्स पर एक अन्य पोस्ट में सपा प्रमुख ने पौधारोपण कार्यक्रम को भी 'भ्रष्टारोपण' का कार्यक्रम करार दिया।

## इंद्रदेव सिंह हत्याकांडः 3 दोषियों को उम्रकैद, डेढ़ लाख जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह की हत्या के 24 वर्ष पुराने मामले में सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश वायु नंदन मिश्रा की अदालत मंगलवार को तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ में डेढ़ लाख का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आठ अगस्त 2002 को शाम करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच कैसरबाग टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे अधिवक्ता इंद्रदेव सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद उनकी पत्नी नयनतारा सिंह ने कैसरबाग थाने में रामकुमार वर्मा, सुरेश वर्मा, सुरजन वर्मा, सुरेश वर्मा उर्फ डाक्टर और सुषमा वर्मा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। सरकार की संस्तुति पर जांच सीबीआइ को सौंप दी गई थी। सीबीआइ की विवेचना में मन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश उर्फ नेता, विक्रम यादव उर्फ कालिया, छोटेलाल, छोटू, बृजेश यादव उर्फ मुन्ना और पन्ना सिंह के नाम सामने आए। सीबीआइ ने वर्ष 2004 में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने विक्रम यादव उर्फ कालिया, पन्ना सिंह और बृजेश यादव उर्फ मुन्ना को धारा 302 सहपठित धारा 120-बी आइपीसी के तहत दोषी करार दिया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अन्य तीन आरोपितों की मृत्यु हो चुकी है। स्वर्गीय इंद्रदेव सिंह की बेटी लक्ष्मी सिंह नोएडा में पुलिस आयुक्त हैं तो दामाद राजेश्वर सिंह लखनऊ सरोजनीनगर से विधायक हैं।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की कर्म एवं जन्म स्थली खटीमा में भूमाफियाओं का पनपना चिंताजनक : अजय मौर्य जिपंअ

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरी अंजनियां में चली गोलियों के मामले में तहसीलदार सजवाण से मिले भाजपाई।

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने क्षेत्र में पनप रहे भू-माफियाओं की सक्रियता पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि भू-माफिया बंदूकों के धमाके के साथ समाज के गरीब एवं असहाय लोगों की जमीन हड़पने, छीनने का कुकर्म चला रहे हैं। यह समाज के लिए अभिशाप बन सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण से मिलने तहसील पहुंचे। उन्होंने ग्राम बरी अंजनियां निवासी दिनेश जोशी के साथ घटी वारदात की जानकारी दी। जिपंअ मौर्य ने कहा कि चार दिन पूर्व कुछ भू-माफिया बरी अंजनियां पहुंचे। उन्होंने तड़ातड़ गोलियां चला कर दिनेश जोशी की जमीन को अपना बताकर उसमें कब्जे का दुस्साहस किया। जिपंअ मौर्य ने कहा कि यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जन्म व कर्म स्थली है। यहां गुंडाराज कायम नहीं हो सकता। सीएम धामी के गृह क्षेत्र में भू-माफियाओं का पनपना वास्तव में चिंताजनक हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित तहसीलदार सजवाण से अलग-अलग मुलाकात कर इस संबंध में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री गंभीर सिंह धामी, नन्दन सिंह खड़ायत, अमित बिष्ट, रोहित जोशी आदि सम्मिलित थे।

इधर विधायक भुवन कापड़ी ने ग्राम बरी अंजनियां में भू-माफियों की दहशत को 6 माह पूर्व घटी तलवार फार्म की घटना में शासन प्रशासन सहित सरकार की उदासीनता का परिणाम बताया। विधायक कापड़ी ने अपने एक साक्षात्कार में यह बात कही। विधायक ने कहा कि ग्राम बरि अंजनियां में एक गरीब किसान के कब्जे की भूमि को अपनी बताकर गोलियां चलाकर दहशत फैलाने का दुस्साहस किया गया। विधायक कापड़ी ने कहा कि नए वर्ष की शुरुआत में तलवार फॉर्म की 125 एकड़ में एक करोड़ से अधिक की खड़ी फसल को दिनदहाड़े पुलिस एवं प्रशासन की सह पर रौंदा गया था। जिसमें बिना नंबरों के ट्रैक्टरों से फसल जोती गयी थी। यदि शासन- प्रशासन सहित सरकार इस मामले में उदासीनता नहीं बरतती तो आज भू- माफिया गोलियों के साये में भूमि कब्जाने का दुस्साहस नहीं कर पाते। विधायक कापड़ी ने कहा कि भूमि के इन मामलों को समय पर नहीं निपटाने की स्थिति में भविष्य में और भी दुष्परिणाम हो सकते हैं।

## ग्राम बरी अंजनियां में किसान की जमीन पर कब्जे के प्रयास से उपजा आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** बरी अंजनियां गांव में किसान की कृषि भूमि पर कथित कब्जे के प्रयास, मारपीट और फायरिंग की घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पीड़ित किसान दिनेश चंद्र जोशी के समर्थन में तराई किसान सुधारक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों, स्थानीय ग्रामीण उनके घर पहुंचे। समिति के पदाधिकारियों ने उसकी भूमि पर कब्जा करने के प्रयास संबंधी जानकारी हासिल की। समिति के पदाधिकारियों ने इस मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान समित संरक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गणेश ठुकराती ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि समिति उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान क्षेत्र में भू-माफियाओं का ग्राफ बढ़ने लगा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से शीघ्र सख्त कार्रवाई की मांग की। उचित कार्रवाई में उदासीनता बरतने पर समिति उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। लेकिन खटीमा की शांति, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

समिति के महामंत्री भगवान जोशी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा का मामला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के गंभीर मामलों में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं निगरानी करनी चाहिए थी। किसान नेताओं ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि दोषियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक किसान आंदोलन शुरू किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व अध्यक्ष कुंवर सिंह खनका ने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि न्याय नहीं मिलने पर होने वाले आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आरोप है कि चार दिन पूर्व कुछ भू माफिया ग्राम बरी अंजनियां के किसान दिनेश चंद्र जोशी की कृषि भूमि पर कार से जबरन कब्जे के प्रयास में गये थे।

## सोमवार को दिनभर बिजली की आंख-मिचौली रात को साढे तीन घंटे आपूर्ति रही ठप्प

जागरण मोर्चा कार्यालय




**खटीमा।** सोमवार की रात विद्युत उपभोक्ताओं के लिए खासी परेशानी भरी रही। देर रात लगभग 10 बजे अचानक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति गुल हो गई। जिसकी वजह से उपभोक्ता चैन से सो नहीं सकें। लोग उमम भरी भीषण गर्मी के चलते अपने घरों से बाहर गलियों, मार्गो तथा घरों की छतों में बेचेंगी से बिजली के आने का इंतजार करते रहे। जिस कारण आम उपभोक्ताओं को सुविधाओं में रात गुजारनी पड़ी। उपभोक्ताओं की मानें तो सुचारू आपूर्ति के अभाव में उनके घरों में लगे इनवर्टर अच्छी तरह चार्ज नहीं हो पा रहे थे। सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे लोग सोने की तैयारी अथवा हल्की नींद में थे तभी अचानक आपूर्ति गुल हो गई। थोड़ी देर तक उपभोक्ताओं के घरों में लगे इनवर्टर चलते रहे, लेकिन आधा, एक घंटे में वह जवाब दे गये। उपभोक्ता बताते हैं कि सोमवार को दिनभर बिजली की आंख मिचौनी से घरों में लगे इनवर्टर बंद हो गए। लोगों ने सड़कों एवं गलियों तथा आवास की छतों में आपूर्ति का बेचैनी से इंतजार करते रहे । आम जनता में ऊर्जा निगम की इस अव्यवस्था पर आक्रोश बना है। इधर उपखंड अधिकारी आलोक सचान के फोन स्विच ऑफ मिलने पर जेई पवन उप्रेती से ली गई जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि में बिजली घर के ट्रांसफार्मर में अचानक फाल्ट आ जाने से उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति नहीं मिल सकी।जे ई उप्रेती ने बताया कि भारी मशक्कत के 3 घंटे के बाद ट्रांसफार्मर ठीक हो सका। इस दौरान पीलीभीत रोड, गौटिया, तहसील रोड, शिव कॉलोनी , सहित चारों बेटा की आपूर्ति ठप रही।

## नानकमत्ता व खटीमा के विधायकों के कैंप कार्यालय में बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



कैंप कार्यालय में जन समस्याएं सुनते खटीमा विधायक भुवन कापड़ी।

**खटीमा।** खटीमा एवं नानकमत्ता के विधायकों ने अपने कार्यालय में क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान समाज में अलग-थलग पड़ी महिलाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। दिल्ली से यहां पहुंचे रीहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के चश्मदीद रहे अमन सिद्दीकी, सपना सिंह उत्तराखंड प्रभारी ने यहां एकत्रित महिलाओं से कार्यक्रमों में भीड़ बढ़ाने नहीं बल्कि लीडरशिप के लिए आगे आने को कहा। उत्तराखंड प्रभारी सिद्दीकी एवं सपना सिंह ने कहा कि लीडर शिप के लिए महिलाओं को ब्लॉक, जिला एवं मंडल के बाद प्रदेश तथा दिल्ली तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान विधायक कापड़ी ने महिलाओं से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने का आह्वान किया। पीलीभीत रोड़ स्थित विधायक कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग कर क्षेत्र की समस्याएं उठायी। विधायक कापड़ी ने कई समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका समाधान किया। विधायक कापड़ी ने कहा कि उनका प्रयास है कि वह खटीमा विधानसभा को प्रदेश की माडल विधानसभा के रूप में विकसित करना चाहते हैं। इसके लिए ग्रामीण जनता के साथ ही वार्ड मैम्बर, ग्राम प्रधान, क्षेत्र समिति सदस्य एवं महिला संगठनों का भरपूर सहयोग जरूरी है। इधर सितारगंज रोड स्थित नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय पर महिलाओं को कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं रीतियों से अवगत कराते हुए उत्तराखंड प्रभारी अमन सिद्दीकी ने तमाम जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को महज भीड़ जुटाने का एक माध्यम बनाया जा रहा है। जबकि महिलाओ को प्रशिक्षण प्राप्त कर लीडरशिप करनी होगी। इसके लिए महिलाओं को अलग-अलग स्तर पर प्रशिक्षण देकर लीडरशिप के लिए तैयार किया जा रहा है। इस दौरान राखी राणा, सुनैना, सरिता राणा, सुनीता राणा, रेनू राणा, भागीरथी राणा, नरगिस, विधायक प्रतिनिधि गौरव राणा, मोहित राणा, नरेंद्र आर्य, संतोष कुमार, अनुज राणा, मिथुन राणा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कलयुगी बेटे और पोते पर बुजुर्ग मां से मारपीट व जेवर छीनने का आरोप

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल निवासी 70 वर्षीय विधवा प्रेमवती ने अपने सगे बेटे और पोते पर मारपीट कर नकदी व सोने के जेवर छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि पांच जुलाई की रात शराब के नशे में घर पहुंचे बेटे घनश्याम ने रुपये मांगे। इंकार करने पर घनश्याम और उसके बेटे विशाल उर्फ छुटका ने बुजुर्ग महिला की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उनके पर्स से छह हजार रुपये नकद, एक तोला सोने की लर और सोने का ओम भी छीन लिया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि कोतवाली में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# करंट की चपेट में आने से दंपति की दर्दनाक मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बीसलपुर।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर हेमूपुरा में सोमवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ दंपति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार सुबह जब परिजन मौके पर पहुँचे, तो दोनों के शव बरामदे में पड़े मिले। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र संत कुमार ने बताया कि उनके माता-पिता गाँव के बाहर बने मकान में रहते थे। सोमवार की रात उनकी माता कमला देवी (50 वर्ष) घर पर खाना खाकर सोने चली गई थीं, जबकि पिता हरिशंकर (54 वर्ष) पड़ोस के एक गाँव में दावत में गए हुए थे। दावत से लौटने के बाद यह हादसा किस वक्त हुआ, इसका पता नहीं चल सका। रोजमर्रा की तरह जब मंगलवार सुबह करीब पाँच बजे संत कुमार मकान पर पहुँचे, तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने और खटखटाने के बाद भी जब कोई हलचल नहीं हुई, तो उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद वे मकान के दूसरे दरवाजे से किसी तरह घर के भीतर दाखिल हुए। घर के भीतर पहुँचते ही संत कुमार के होश उड़ गए। कमरे के बाहर बरामदे में उनके माता-पिता अचेत अवस्था में पड़े हुए थे और उनके ऊपर चालू हालत में फर्राटा पंखा गिरा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि देर रात पंखे को खिसकाते या चालू करते समय उसमें उतरे करंट की चपेट में दोनों आ गए। करंट इतना तेज था कि दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही दोनों की सांसें थम गईं। हृदयविदारक हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची बिलसंडा थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है। की संवेदनशीलता को देखते हुए उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे और तहसीलदार हबीबुर्रहमान अंसारी तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से वार्ता कर उन्हें ढांढस बंधाया। उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने बताया कि पीड़ित परिवार को 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के तहत प्रति मृतक 5-5 लाख रुपये (कुल 10 लाख रुपये) की आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

# रंजिश में हुई फायरिंग, सात घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कपडा सुखाने की रंजिश में एक पक्ष ने ताबडतोड फायरिंग कर दी। जिसमे मासूम सहित सात घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस में मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी वावूराम के परिवार ने दो माह पहले गांव के एक पार्क में कपडे सुखाए थे। इस पर दूसरे पक्ष के बालकराम से कहासुनी हो गई थी। यही मामला रंजिश में बदल गया। सोमवार देर रात करीब साढे आठ बजे बाबूराम दुकान पर जा रहे थे। अन्य लोग घर पर बैठे थे। बालकराम, रमेश, महेश, सोनू व लालाराम लाठी डंडे, तमंचा, लाइसेंसी बंदूक से लेस होकर वावूराम के पास पहुंचे, और गाली गलौज करने लगे, और गोलियों से भून डालने की धमकी देते हुए। एकाएक ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से पूरे गांव में दहशत फैल गई। गोलियों की आवाज सुनकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए, जबकि कई परिवारों ने डर के कारण घरों के दरवाजे बंद कर लिए। गोलीबारी में दिनेश उनका छह साल का पुत्र यश, पत्नी प्रीति, पडोसी छत्रपाल की पुत्री अंजलि पडोसी रमेश, कनिष्का सहित सात लोग घायल हो गए। गोलीबारी से गांव में खलवली मच गई। सूचना पाकर ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही माधोटांडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई तथा साक्ष्य एकत्र किए। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना दोबारा न हो। अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत कपड़ा सुखाने को लेकर हुई कहासुनी से हुई थी। वह कहासुनी रंजिश में बदल गई थी। घटना के बाद पुलिस ने बयान दर्ज किए। पुलिस ने बालकराम, रमेश, महेश, सोनू व लालाराम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। माधोटांडा थाना पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अन्य नामजद और फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच के आधार पर सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लापता युवक का बिलसंडा में मिला शव, मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय के रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर शव फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक को कुछ दिन पहले उसके ही दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे, जिसके बाद से वह लापता था। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीसलपुर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, मोहल्ला सराय निवासी रफीक खान ने बताया कि उनका पुत्र फारुख खान, मोहल्ला बख्तावर लाल निवासी अनमोल और मोहल्ला दुबे निवासी रोहित आपस में दोस्त थे। कुछ दिनों पूर्व किसी बात को लेकर फारुख का अनमोल और रोहित से विवाद व झगड़ा हो गया था। इस घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फारुख से रंजिश रखने लगे थे। शिकायत के मुताबिक, बीती 29 जून 2026 की शाम करीब 4:15 बजे अनमोल और रोहित मोटरसाइकिल से रफीक खान के घर पहुंचे। दोनों ने आवाज देकर फारुख को बाहर बुलाया। जब पिता रफीक खान ने उनसे पूछा कि वे फारुख को कहाँ ले जा रहे हैं, तो आरोपियों ने कहा कि वह थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। इसके बाद वे फारुख को अपनी बाइक पर बैठाकर साथ ले गए। फारुख के वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। जब वे अनमोल और रोहित के घर पहुंचे तो वहाँ ताला लटका मिला। पीड़ित पिता का आरोप है कि जिस दिन से फारुख लापता हुआ, उसी दिन से आरोपियों के परिवार के अन्य सदस्य भी अपने घरों पर ताला लगाकर फरार हैं। 3 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़ित परिवार को सूचना मिली कि थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम गौहनिया में कृष्णा नरेश महाविद्यालय के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय पीलीभीत के शवगृह में रखा गया है। सूचना मिलते ही रफीक खान अपने भाई और परिजनों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहाँ उन्होंने शव की पहचान अपने लापता पुत्र फारुख खान के रूप में की। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते अनमोल और रोहित ने उनके पुत्र को घर से बहला- फुसलाकर अगवा किया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर शव को बिलसंडा क्षेत्र में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

**पीलीभीत।** पूरनपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के एक मामले में वांछित दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर हरसिंहपुर गुरुद्वारा, पीलीभीत रोड से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, 20 जून 2026 को शेरपुर मकरंदपुर निवासी रुपिंदर कौर घर से बिना बताए चली गई थीं। उनके पिता बलदेव सिंह की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। तलाश के दौरान 22 जून को रुपिंदर कौर का शव शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र स्थित ररुआ नहर से बरामद हुआ। मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर कुलदीप कौर और गुरप्रीत कौर के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण की धारा बढ़ाई गई।

# पुरानी रंजिश में चली लाइसेंसी बंदूक, फायरिंग में मासूम समेत चार घायल

**माधौटांडा।** पुरानी कहासुनी को लेकर कुंवरपुर में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से फायरिंग कर दी गई। घटना में एक छह वर्षीय मासूम सहित चार लोग छर्रे लगने से घायल हो गए। सभी घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, करीब तीन माह पहले कपड़े सुखाने को लेकर बालकराम और महेश के बीच कहासुनी हुई थी। सोमवार सुबह इसी पुराने विवाद को लेकर बालकराम पक्ष और दिनेश पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवाद के दौरान बालकराम पक्ष ने अपनी लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से दो फायर कर दिए। फायरिंग में दिनेश कुमार (26), उनका छह वर्षीय पुत्र यश, पत्नी प्रीति (25) तथा पड़ोस की रहने वाली अंजली (15) छर्रे लगने से घायल हो गए। सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौटांडा भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए बालकराम तथा उसके पुत्र लालराम और सोमपाल को हिरासत में ले लिया। घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 12 बोर बंदूक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दिव्यांग छात्राओं को मिलेंगी निःशुल्क ई-ट्राइसाइकिल

**पीलीभीत।** स्कूलों और प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्राओं को निःशुल्क ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए शासन ने अनुदान नियमावली-2026 लागू कर दी है। जिलाधिकारी ने बताया कि मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफिलिया सहित अन्य पात्र दिव्यांग छात्राएं योजना का लाभ ले सकेंगी।

लाभार्थियों का चयन निर्धारित पात्रता, दिव्यांगता की गंभीरता और तकनीकी समिति के भौतिक परीक्षण के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 ई-ट्राइसाइकिल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# शेरपुर मकरंदापुर की विवाहिता का नहर में मिला था शव

## आत्महत्या के उकसाने के मामले में दो महिला गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विवाहिता को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने फरार दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर मकरंदपुर में विवाहिता रुपेंद्रकौर बीस जून को घर से लापता हो गई थी। तीस जून को विवाहिता का शव बंडा थाना क्षेत्र के हरदोई व्रांच नहर पर उसका शव मिला था। विवाहिता के मायके वालो ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। महिलाओं के नाम सामने आए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। घटना के बाद से दोनों महिलाएं फरार थीं और पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।गिरफ्तार ना होने पर मृतक के परिवार ने कोतवाली गेट पर धरना प्रदर्शन किया था, इसके बाद कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुलदीप कौर व गुरप्रीत कौर दोनों आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ की गई और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, दोनों महिलाओं को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच निष्पक्ष और साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। दो आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की विवेचना जारी है और सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# बाजार गईं दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र में दो युवतियों के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों युवतियां अपने-अपने घरों से बाजार जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री पडोस के रहने वाले एक व्यक्ति की पुत्री के साथ पांच जुलाई को बाजार जाने की बात कहकर दोनों घर से निकलीं थी। दोनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। देर शाम तक युवतियों के घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजन परेशान हो गए। परिजनों ने बताया कि युवतियों के बाजार से वापस न लौटने पर उन्होंने सबसे पहले आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की। इसके बाद रिश्तेदारों, परिचितों और दोस्तों से भी जानकारी की गई, लेकिन कहीं से भी युवतियों का कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने काफी देर तक इंतजार करने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी।परिजनों ने पुलिस से युवतियों की जल्द से जल्द तलाश कर उन्हें सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने वताया कि मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही वरामद कर लिया जाएगा।

# पौधों के साथ बच्चों ने निकाली रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** वन महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों ने पौधों के साथ भव्य जागरूकता रैली निकाली। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बच्चों के हाथों में पौधे और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश लिखी तख्तियां थीं। उन्होंने "पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ", "हर घर एक पौधा", "हरियाली है तो खुशहाली है" और "वृक्ष हैं तो भविष्य है" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रैली का शुभारंभ स्थानीय विद्यालय परिसर से हुआ। हरी झंडी दिखाकर रैली प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रास्ते में बच्चों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संदेश दिया। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, वन विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते वन क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करे। उन्होंने बताया कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों का संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है।

# विश्व जूनोसिस दिवस के तहत बच्चों को किया जागरुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मंगलवार को विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरनपुर क्षेत्र के कई विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को जूनोसिस रोगों के प्रति जागरूक किया। टीम ने बच्चों को बताया कि जूनोसिस वे रोग होते हैं, जो पशुओं से मनुष्यों में फैल सकते हैं और समय रहते सावधानी बरतने से इनसे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को विभिन्न संक्रामक बीमारियों के कारण, उनके लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेबीज, बर्ड फ्लू, स्वाइन फ्लू, ब्रुसेलोसिस जैसी बीमारियां पशुओं और मनुष्यों के बीच संपर्क के कारण फैल सकती हैं। इसलिए पशुओं के साथ व्यवहार करते समय सावधानी बरतना, साफ-सफाई का ध्यान रखना और संक्रमित पशुओं से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि घरों में पाले जाने वाले पशुओं की नियमित देखभाल और उनका समय पर टीकाकरण कराना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति किसी संक्रमित पशु के संपर्क में आता है या पशु के काटने जैसी घटना होती है तो लापरवाही न करते हुए तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

## 17 साल पुराने मामले में गैंगस्टर को 7 वर्ष की जेल

**पीलीभीत।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पीलीभीत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते 17 वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने एक अभियुक्त को सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 16 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना बिलसंडा पुलिस एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी की गई। मामला 22 अप्रैल 2009 को थाना बिलसंडा में दर्ज मुकदमा संख्या 399/2009 से संबंधित है, जिसमें आबकारी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 272 तथा गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 22 जनवरी 2010 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

# नगर में बिजली के झूलते जर्जर तार दे रहे हादसों को दावत, अनहोनी की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ बनी रहती है हादसे की आशंका, निस्तारण की मांग

**पूरनपुर।** नगर में बिजली के झूलते और जर्जर तार हादसों को दावत दे रहे है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग की ओर से जर्जर तारों को बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

नगर के कई मोहल्लों में बिजली के पुराने और जर्जर तार लोगों के घरों के ऊपर से होकर गुजर रहे हैं। तेज हवा या अन्य कारणों से यह तार अक्सर टूटकर नीचे गिर जाते हैं, जिससे करंट फैलने और आगजनी जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन जर्जर तारों के कारण हर समय अनहोनी की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने और जर्जर लाइनों को बदलने के लिए बजट उपलब्ध कराया जाता है, इसके बावजूद नगर क्षेत्र में कई जगह पुरानी और कमजोर तारों को नहीं बदला गया है। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में गुजरी बिजली लाइनें लंबे समय से बदहाल स्थिति में हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को जर्जर तारों को बदलवाने के लिए शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोगों ने बताया कि तारों के टूटने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि नगर में सर्वे कराकर जर्जर बिजली तारों को जल्द से जल्द बदला जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। लोगों ने कहा कि समय रहते यदि विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में आरोपी की मौत के मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बिलसंडा थाना क्षेत्र में 27 जून की रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान वांछित अभियुक्त की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट को इस प्रकरण का जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को सूचना विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 27 जून की रात करीब 10 बजे जनपदीय पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोप है कि दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक संदिग्ध घायल हो गया, जबकि दूसरा अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

घायल की पहचान थाना बिलसंडा में दर्ज एक मामले के वांछित अभियुक्त शिवम उर्फ सर्वजीत सिंह पुत्र बरातीलाल, निवासी नई बस्ती मोहनपुर ग्रांट, थाना उचैलिया, जनपद खीरी के रूप में हुई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिलाधिकारी ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

## एक नजर

### कमरे में फंदे से लटका मिला 16 वर्षीय किशोरी का शव, पुलिस जांच में जुटी

बदायूं। जनपद के अलापुर थाना क्षेत्र के गांव अल्लापुर में 16 वर्षीय किशोरी की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गांव अल्लापुर निवासी देशराज की 16 वर्षीय पुत्री श्वेता का शव सोमवार रात कमरे में फंदे से लटका मिला। किशोरी की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल की। किशोरी की मौत के संबंध में परिवार वाले कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। रात में ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। इधर, किशोरी के दादा और मौसा थाने में पहुंच गए। हालांकि उन्होंने अभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया और न ही तहरीर दी है।

# रेनेसा ऐकेडमी स्कूल पर सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद तिलहर ने नगर के पश्चिमी किनारे पर बने निजी विद्यालय रेनेसां ऐकेडमी के प्रबंधक को नोटिस देकर सरकारी नाले को अपने परिसर में शामिल करके बाउंड्री के अंदर अतिक्रमित कर लेने के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल अतिक्रमण समाप्त करने की चेतावनी दी है।अधिशासी अधिकारी ने 1 जुलाई कोनोटिस जारी करके तत्काल प्रभाव से रेनेसां स्कूल के प्रबंधक को भेजें नोटिस में कहा है कि यदि स्कूल प्रबंधन ने नगर पालिका द्वारा बरसात से पूर्व नगर के नालों की मरम्मत कार्य में बाधा बनता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 15 में वित्त आयोग की निधि से बन रहे नाले में बन रहा है स्कूल बाधक

15 में वित्त आयोग की निधि से जिलाधिकारी की स्वीकृति बाद क्षेत्र में जल भराव की स्थिति समाप्त करने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा अमर बाल विद्या मंदिर स्कूल से खैरपुर चौराहे होते हुए रेनेसा अकादमी से सरयू की पुलिया तक नाले का तल का ढाल ठीक करते हुए मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है जिसमें स्कूल बाधा डाल रहा है इससे नाले का निर्माण रुका पड़ा है नाला स्कूल बाउंड्री के अंदर होने के कारण स्कूल ठेकेदार और पालिका कर्मियों को अंदर प्रवेश नहीं होने दे रहा है इससे नगर पालिका और स्कूल प्रबंधन में टकराव की स्थिति बन गई है मंगलवार को थोड़ी सी बारिश होने पर ही विरियागंज पुलिस चौकी के पास सड़क पर ही जबरदस्त जल भराव हो गया जिससे नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ा।

- विद्यालय के चेयरमैन विजय अग्रवाल का कहना है विद्यालय ने कोई अतिक्रमण नहीं किया है नाला विद्यालय की भूमि में बना है कल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व उनकी टीम आई थी विद्यालय का नक्शा दिखा दिया गया है उसके बाद टीम संतुष्ट होकर वापस चली गई।

- अधिशासी अधिकारी से फोन पर कई बार संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

बता दें कि नगर पालिका द्वारा ब्लॉक रोड से होते हुए कोतवाली के सामने से होते हुये सरयू पुलिया तक नगर के गंदे पानी के निकास के लिये नाले का निर्माण कराया गया था ।जिसेलेने से स्कूल एकेडमी प्रबंधन नेअपनी बाउंड्री के अंदरअतिक्रमण कर केनाले के आगे अपना गेट लगा लिया जिस पर पूर्ववर्ती अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका परिषद ने आपत्ति जताते अपना गेट सरकारी भूमि से हटाने के लिए कहा था लेकिन स्कूल प्रबंधन ने नल को ऊपर से पाटकर बंद कर दिया ।नाला मुख्य द्वार और बाउंड्री के अंदर होने के कारण के अंदर लंबे समय से नाले की सफाई नहीं हो पाती है । इससे नाला बार-बार चोक हो जाता हैऔर पुलिस चौकी से लेकर ब्लॉक रोड तक कई स्थानों पर जल भराव के कारण नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ती है ।इससे नगर पालिका परिषद की भी किरकिरी होती है ।

## कैंट पुलिस ने 92 ग्राम अफीम के साथ युवक को दबोचा

**बरेली।** बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राहक का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे धर दबोचा। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। सोमवार देर रात कैंट थाना पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ठिरिया निजावत खां से कठपुला पुल की ओर जाने वाले रास्ते पर एक युवक अफीम बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की और मौके से प्रियांशु पाल निवासी मठलक्ष्मीपुर, थाना इज्जतनगर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 92 ग्राम अफीम बरामद हुई।

## गन्ना किसानों के लिए 8 जुलाई से जागरूकता एवं नामांकन अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बहेड़ी परिसर में गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 8 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक चार दिवसीय जागरूकता एवं नामांकन अभियान आयोजित किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए संचालित सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान किसानों को विभिन्न बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ उनका नामांकन भी कराया जाएगा। उ न्होंने बताया कि इसअभियान का लक्ष्य समिति से जुड़े कम से कम 10 प्रतिशत गन्ना किसानों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से आच्छादित करना है। शिविर में क्षेत्रीय बैंकों की भी भागीदारी रहेगी। साथ ही किसानों को "खाद तो खाद, बीमा भी साथ" योजना के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

गन्ना विकास निरीक्षक संजय राव एवं सचिव प्रभारी राजीव सेठ ने समिति से जुड़े सभी गन्ना किसानों और उनके परिवार के सदस्यों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और अधिक से अधिक संख्या में बीमा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपना नामांकन कराएं।

## गोवंश को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकराई बाइक, महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली क्षेत्र के निगोही रोड स्थित ग्राम कूदकापुर के पास सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम आजमाबाद निवासी 53 वर्षीय विनीता देवी, पत्नी सत्यवान सिंह, अपने भतीजे दीपू सिंह के साथ डभौरा स्थित एक निजी क्लीनिक से पोती की दवा लेकर बाइक से घर लौट रही थीं। रास्ते में ग्राम कूदकापुर के निकट अचानक सामने आए गोवंश को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में विनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक चालक दीपू सिंह को भी चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलने पर तिलहर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना की सूचना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जनजागरूकता अभियानः प्रभात फेरी रैली का आयोजन

**बहेड़ी (बरेली)।** तहसील के ग्राम करणपुर में जनजागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्षारोपण तथा हरित वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इसके उपरांत तहसील सभागार में वन विभाग की ओर से फलदार पौधों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आम, अमरूद एवं अनार के पौधे वितरित किए गए। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से पौधों का नियमित संरक्षण एवं देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि फलदार वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण और आर्थिक दृष्टि से भी लाभदायक होते हैं।

## हरूनगला निवासी महिला ने डीआईजी से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हरूनगला क्षेत्र की निवासी किरन पत्नी सोनू ने डीआईजी बरेली को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि पुराने विवाद के चलते कुछ लोग लगातार उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, उसके ससुर दुर्गेश सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। आरोप है कि सब्जी के उधार के पैसे मांगने पर 9 मार्च 2024 की शाम करीब सात बजे सत्यवान शर्मा, प्रशांत शर्मा, शीला शर्मा, नेहा शर्मा, अमन शर्मा सहित अन्य लोगों ने उनके ससुर दुर्गेश और पति सोनू के साथ मारपीट की। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इस दौरान फायरिंग और धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले जिला अस्पताल और बाद में हायर सेंटर रेफर किया गया। किरन का आरोप है कि घटना की शिकायत के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि आरोपी मोबाइल फोन के जरिए लगातार धमकियां दे रहे हैं, खुलेआम हथियार लेकर घूमते हैं और परिवार भय के साए में जी रहा है। प्रार्थना पत्र में मोबाइल फोन छीने जाने और स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता ने डीआईजी से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## मंदिर से घंटा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने मंदिर से घंटा चोरी करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आठ घंटे और नकदी भी बरामद की है। थाना फैजगंज बेहटा में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित वांछित आरोपी नसीम पुत्र रहीश निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना बिसौली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से प्लास्टिक के कट्टे में रखे आठ घंटे (वजन लगभग 7 किलोग्राम) और 780 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कुछ दिन पहले ग्राम गंगापुर सराय स्थित मंदिर से ये घंटे चोरी किए थे और वह उन्हें बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है।

## बहेड़ी रेलवे की समस्याओं पर विधायक ने सपा सांसद को लिखा पत्र


जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी (बरेली)।** अता उर रहमान विधायक बहेड़ी ने रेलवे से संबंधित कई गंभीर समस्याओं को लेकर बरेली में होने वाली रेलवे की सांसद स्तरीय दो मंडलों की बैठक में सपा के संसदीय प्रतिनिधि द्वारा बहेड़ी की विभिन्न मांगों को रखने के लिए पत्र लिखा

बहेड़ी में नया रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हुआ है जिसमें एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाने के लिए कोई फुटओवर ब्रिज नहीं है तथा प्लेटफार्म नंबर दो काफी नीचा है जिससे यात्रियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहेड़ी से दिल्ली जाने के लिए कोई सीधी रेलवे व्यवस्था नहीं है बहेड़ी क्षेत्र से हजारों की संख्या में यात्रियों का व्यापारियों को रोज दिल्ली जाने के लिए बरेली या लाल कुआं होकर बड़ी परेशानी के साथ जाना पड़ता है। सिंह गोटिया रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनने की अति आवश्यकता है। रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन जाम लगा रहता है जिसकी वजह से दुर्घटनाएं होती है वहां पर भी ओवर ब्रिज बनाने की अति आवश्यकता है। बहेड़ी से पीलीभीत व बिलासपुर (रामपुर) जाने के लिए ) सीधा रेल मार्ग नहीं है इतनी बड़ी आबादी को बहुत घूम कर इन जगहों पर जाना पड़ता है इसलिए नया रेल मार्ग बनाने की अति आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित हुई बदायूं की डॉ. मेघा अग्रवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित 14वें स्थापना दिवस एवं 'वैश्य मित्र रत्न' सम्मान समारोह में जनपद बदायूं की सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. मेघा अग्रवाल को साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह नई दिल्ली स्थित मावलॉन्कर ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान डॉ. मेघा अग्रवाल को अंगवस्त्र ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने बताया कि डॉ. मेघा अग्रवाल को यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक यात्रा, समाजोन्मुख लेखन और हिंदी साहित्य के संवर्धन में दिए गए अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अग्रवाल ने अपने लेखन के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच और जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। समारोह में देश-विदेश के विभिन्न राज्यों से आए समाजसेवियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों एवं विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान 'विकसित भारत' में वैश्य समाज की भूमिका को लेकर भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. मेघा अग्रवाल को राष्ट्रीय मंच पर मिले इस सम्मान से जनपद बदायूं सहित पूरे समाज में हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस उपलब्धि पर विपिन अग्रवाल, अमित वैश्य, राजेश गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, अवधेश लड्ढा माहेश्वरी, संजय रस्तोगी, कुलदीप वैश्य, प्रतीश गुप्ता, अनुपम गुप्ता, सुजीत गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर कंटेनर में बस की टक्कर

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मकरंदपुर गांव के पास 164 किलोमीटर प्वाइंट पर अज्ञात डबल डेकर बस ने आम से लदे कंटेनर में टक्कर मार दी, जिससे कंटेनर में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाराणसी निवासी विक्रम सिंह (21) आम से लदे कंटेनर में कंडक्टर सीट पर बैठकर मुरादाबाद से वाराणसी जा रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक के प्रयास में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात डबल डेकर बस ने कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पुलिस लाइन में हुआ व्यापक निरीक्षण, अनुशासन और व्यवस्थाओं की परखी गई हकीकत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पुलिस लाइन में मंगलवार को प्रशासनिक और प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर जवानों की कदमताल, अनुशासन और टर्नआउट का बारीकी से अवलोकन किया। परेड के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के समन्वय और अनुशासन को परखा तथा अधिकारियों को बल की कार्यक्षमता और पेशेवर दक्षता बढ़ाने के निर्देश दिए।

परेड के बाद एसपी साउथ ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयों, बैरकों, स्टोर

▸ एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने परेड, प्रशिक्षण और अर्दली रूम में दिए सख्त निर्देश

रूम और अन्य सुविधाओं की स्थिति देखी गई। साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए, जहां कमियां पाई गईं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हों, ताकि जवानों को बेहतर कार्य वातावरण और सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु मुख्य आरक्षियों से भी संवाद किया गया। एसपी साउथ ने प्रशिक्षण के अनुभव और व्यवहारिक चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल नियमों की जानकारी देना नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने की तैयारी कराना है। प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण को और अधिक व्यवहारिक बनाने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद अर्दली रूम आयोजित कर अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी गईं। लंबित मामलों पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नगर के एक मोहल्ले से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**बदायूं।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी से एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बीती 6 जुलाई 2026 को घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी समय तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसे अपनी सभी रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। परेशान पिता ने 7 जुलाई 2026 को थाने में गुमशुदी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नकटिया और किला नदी के पुनर्जीवन की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने नकटिया नदी और किला नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि जिले की नदियां लगातार प्रदूषित हो रही हैं और अतिक्रमण के कारण उनका अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है, जिससे किसानों के साथ-साथ आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है।

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के जिलाध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी ने कहा कि नकटिया और किला नदी को नालों में तब्दील कर दिया गया है। नदियों में लगातार गंदगी और सीवर का पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे उनका जल प्रदूषित हो चुका है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इन नदियों को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में जल संकट और पर्यावरणीय समस्याएं और गंभीर हो जाएंगी।

उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग की कि नमामि गंगे योजना की तर्ज पर नकटिया और किला नदी के पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। नदियों की नियमित सफाई कराई जाए, अतिक्रमण हटाया जाए तथा उनके किनारों का सौंदर्यीकरण और व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए। भाकियू (चढ़ूनी) ने कहा कि नदियों के सूखने और बंद होने का सीधा असर किसानों की सिंचाई व्यवस्था, भूजल स्तर और पर्यावरण पर पड़ रहा है।

## चोरी की बाइक समेत वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना मूसाझाग पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना मूसाझाग के नेतृत्व में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग और वाहन चोरी की बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सात जुलाई को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त प्रशांत पुत्र शीलेंद्र निवासी ग्राम रफियाबाद, थाना बिनावर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक, एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## वेतन न मिलने पर सफाई कर्मियों का ऐलान, आज से सहसवान में हड़ताल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वेतन भुगतान न होने से नाराज होकर 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। इस संबंध में स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ, शाखा सहसवान ने सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष को पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।

संघ के महामंत्री हरीश लाल और अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि संगठन ने 30 जून को ही प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि 7 सात जुलाई तक कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया गया तो 8 जुलाई से काम बंद कर दिया जाएगा। इसके बावजूद तय समयसीमा बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि मजबूरी की स्थिति में 8 जुलाई 2026 से काम बंद हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। यदि हड़ताल शुरू होती है तो सहसवान नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। मानसून के चलते शहर में कूड़ा न उठने से गंदगी फैलने और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में प्रशासन के सामने व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो सकती है।

## बिसौली में शताब्दी वर्ष ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ज्योति कलश रथ यात्रा का मंगलवार को बिसौली नगर में प्रवेश होते ही हरी फार्म हाउस पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश का पूजन कर राष्ट्र, समाज एवं विश्व कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सविता शर्मा ने विशेष रूप से सहभागिता करते हुए ज्योति कलश का विधिवत पूजन किया। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार की यह रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों के संरक्षण का प्रेरणादायी अभियान है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष विमल भारद्वाज, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, डॉ. ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, सतीश चंद्र मिश्रा, एडवोकेट राजेश भारद्वाज (जिला कार्यकारिणी सदस्य), मीत शर्मा, भाजपा नगर मंत्री अन्नू शर्मा, आशीष अग्रवाल, सुखवीर सिंह, राकेश सिंह एडवोकेट, मिली शर्मा, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप संचालक राहुल गोयल, राखी गोयल, विपुल गोयल, शालिनी गोयल, मानसी गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। रथ यात्रा के स्वागत के दौरान पूरा वातावरण गायत्री मंत्रों और जयघोष से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश के दर्शन कर धर्म, संस्कृति और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

नॉर्वे ने किया बड़ा उलटफेर, 5 बार की चैंपियन ब्राजील को हराया

# 34 वर्ष के नेमार ने इंटरनेशनल फुटबाल से लिया संन्यास, टीम की हार पर हुए भावुक

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में इस बार रोमांच के साथ ही बहुत बड़े उलटफेर देखने को मिल रहे हैं। किसी भी टीम को कमजोर समझना दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीमों को भारी पड़ रहा है। सोमवार को नॉर्वे ने नॉकआउट मुकाबले में 5 बार की चैंपियन ब्राजील को 2-1 से पराजित कर बाहर का रास्ता दिखा दिया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने हार के बाद भावुक हो गए और संन्यास का ऐलान किया। नेमार ने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से दोनों गोल एरलिंग हालैंड ने दागे।

34 साल के नेमार ने मैच के बाद बेहद भावुक शब्दों में कहा, मैंने बहुत कोशिश की, मैंने हर संभव प्रयास किया। लेकिन अब यह सफर खत्म हो चुका है। मैंने इसी अमेरिका की सरजमीं से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की थी और यहीं पर इसे खत्म कर रहा हूं। नेमार के इस बयान के साथ ही ब्राजील के लिए एक युग का अंत हो गया है। किसी ने सोचा तक नहीं होगा कि नेमार के लिए इस तरह से इंटरनेशनल करियर का अंत होगा। ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का मौका मिला। वीडियो असिस्ट रीव्यू यानी वीएआर के बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया।



### आखिरी मैच में नेमार ने किए एक गोल

इंजरी टाइम के 10वें मिनट में नेमार ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-1 जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह गोल सिर्फ हार का अंतर कम कर सका। ब्राजील 1990 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप से इतने शुरुआती चरण में बाहर हुआ।

### मेजबान मैक्सिको फीफा वर्ल्ड कप से बाहर

मेजबान मैक्सिको को इंग्लैंड ने 3-2 से हराकर बहुत बड़ा झटका दिया। मेजबान टीम का शीर्ष 16 में ही सफर खत्म हो गया है। मैक्सिको 1986 के बाद आठवीं बार प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया।इंग्लैंड ने मेक्सिको को हराकर लगातार तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। दूसरे हाफ में जरेल क्वांसा के रेड कार्ड के बाद इंग्लैंड ने करीब 35 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला, लेकिन बढ़त बरकरार रखी।

### नेमार की उपलब्धियां

| कुल मैच | इंटरनेशनल गोल | असिस्ट |
|---|---|---|
| 130 | 80 (ब्राजील के इतिहास में सबसे ज्यादा) | 59 |

**रियो में दिलाया गोल्ड**

साल 2013 में फीफा कॉन्फेडरेशन कप का खिताब जीता और रियो 2016 ओलंपिक खेलों में अपनी कप्तानी में ब्राजील को ऐतिहासिक ओलंपिक गोल्ड मेडल दिलाया।

# अमेरिकी फुटबॉलर का निलंबन रद्द, ट्रंप के सामने झुका फीफा

## फीफा वर्ल्ड कप के नियमों की निष्पक्षता पर छिड़ी बहस

**नई दिल्ली**



फीफा वर्ल्ड कप 2026 के दौरान अमेरिका के स्टार स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन को मिले रेड कार्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनुचित बताया और खुलकर अपने देश के खिलाड़ी का समर्थन किया। ट्रंप ने कहा कि बालोगुन अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्हें अगले मैच से बाहर करना पूरी तरह अनुचित है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में ट्रंप ने कहा कि जब उन्हें बताया गया कि रेड कार्ड मिलने के बाद खिलाड़ी अगले मैच में नहीं खेल सकता, तो उन्हें यह फैसला बेहद अन्यायपूर्ण लगा। उन्होंने कहा, बालोगुन हमारा सबसे बेहतरीन खिलाड़ी है। उसे रेड कार्ड मिला. मुझे पहले नहीं पता था कि इसका मतलब क्या होता है, लेकिन बाद में पता चला कि वह अगला मैच नहीं खेल पाएगा। मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि यह फाउल नहीं था, बल्कि दो खिलाड़ी पूरी रफ्तार से दौड़ते हुए आपस में टकरा गए थे। उन्होंने रेफरी के फैसले को संदिग्ध बताते हुए कहा कि बालोगुन ने कुछ भी गलत नहीं किया था और वह अमेरिकी टीम के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने खुलासा किया कि उन्होंने इस मामले को लेकर फीफा से संपर्क किया और फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया। ट्रंप ने कहा कि मैंने फीफा से इस फैसले की समीक्षा करने के लिए कहा। ट्रंप ने सवाल उठाते हुए कहा कि किसी खिलाड़ी को उस मैच के लिए कैसे दंडित किया जा सकता है जो अभी खेला ही नहीं गया है। उन्होंने कहा, यह बहुत अनुचित है। आप किसी खिलाड़ी को ऐसे मैच के लिए कैसे सजा दे सकते हैं जो अभी हुआ ही नहीं है?



### बेल्जियम फुटबॉल संघ ने किया फैसले का विरोध

फीफा के इस फैसले का बेल्जियम फुटबॉल संघ (आरबीएफए) ने कड़ा विरोध किया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि वह अमेरिका-बेल्जियम मैच से पहले बालोगुन को खेलने की अनुमति दिए जाने के फैसले से हैरान है और अपने हितों की रक्षा के लिए सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। वहीं अमेरिकी सीनेटर टेड क्रूज ने भी ट्रंप के हस्तक्षेप की सराहना की। उन्होंने रेड कार्ड को बेतुका बताते हुए कहा कि ट्रंप ने शानदार काम किया है और अमेरिका के हितों की रक्षा की है। अब यह मामला सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रह गया है। फीफा के फैसले ने वर्ल्ड कप के बीच खेल, राजनीति और नियमों की निष्पक्षता पर नई बहस छेड़ दी है।

# सीरीज में बराबरी करने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

## इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टी20 आज रात दस बजे से

**नई दिल्ली**

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम को टी20 मैच में पहली जीत का इंतजार है। आयरलैंड में 2 मैच गंवाने के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी अभी जीत का खाता नहीं खुला है। पहला मुकाबला बारिश के चलते नतीजे तक नहीं पहुंच पाया था। दूसरे मैच में 191 रन का लक्ष्य देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अब 7 जुलाई को ट्रेंट ब्रिज में तीसरी भिड़ंत होने वाली है।स्पिनर रवि बिश्नोई को बाहर किया जा सकता है। उनका एक ओवर भारत की हार का मुख्य कारण बना था। इंग्लैंड के लिए 191 रन का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण था। लेकिन बिश्नोई के एक ओवर ने बाजी पूरी तरह से पलट दी।



### प्लेइंग-इलेवन इस प्रकार है

**भारत:** अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड:** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बेंटन, सैम करन, विल जैक्स, लियाम डॉवसन, जोश टंग, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर।

# अमार्या बजाज बने डच जूनियर ओपन चैंपियन

**नई दिल्ली**



भारतीय स्क्वैश के उभरते सितारे अमार्या बजाज ने डच जूनियर ओपन 2026 के अंडर-13 वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने इंग्लैंड के शीर्ष वरीय डेनियल स्टीवेन्सन को 3-1 से हराकर चैंपियन बने। अमार्या ने टूर्नामेंट के पहले दौर में मिस्त्र के खिलाड़ी को 3-0 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की। दूसरे दौर में उन्होंने इंग्लैंड के आर्लो स्मिथ को भी सीधे गेमों में 3-0 से मात दी। प्री-क्वार्टर फाइनल में अमार्या ने बड़ा उलटफेर करते हुए सिंगापुर के शीर्ष वरीय केलन लो को 3-0 से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में मिस्त्र के बद्र हसन को 3-1 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। सेमीफाइनल में उनका सामना हंगरी के यूरोपियन नंबर-1 एलेक्स कोज़ट्यू से हुआ।

# सैमसन टीम से बाहर, वैभव पर जताया भरोसा

## 2 नए खिलाड़ियों की एंट्री, जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली**

आयरलैंड और इंग्लैंड में बल्ले से असफल रहे भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। सोमवार को जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। श्रेयस अय्यर टीम की कप्तानी करेंगे। भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जीत दिलाने वाले संजू सैमसन को टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। संजू इस समय भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं, जहां उन्हें दूसरे मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला था, उनकी जगह युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया गया था। सैमसन लगातार तीन मैचों से फ्लॉप हुए थे और इसके बाद उन्हें प्लेइंग-11 से बाहर बैठना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। संजू सैमसन ने आयरलैंड के खिलाफ दो मैच और फिर इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच में रन नहीं बनाए। सैमसन टी20 वर्ल्ड कप 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे और उसके बाद वे भारत के लिए सिर्फ तीन मैच खेल सके।



### भारत के जिम्बाब्वे दौरे का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | 23 जुलाई, हरारे |
| दूसरा टी20 | 25 जुलाई, हरारे |
| तीसरा टी20 | 26 जुलाई, हरारे |

(तीनों मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से खेले जाएंगे)

### शिवम दुबे वनडे टीम में शामिल

उधर 14 जुलाई से शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में बड़ा फेरबदल हुआ है। चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह ऑलराउंडर शिवम दुबे को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बात की जानकारी दी है।



**वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार और शिवम दुबे।

### द्रविड़ के बेटे अन्वय का श्रीलंका में तहलका

**67 गेंदों में ठोक दिए 87 रन**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बेटे अपने पिता की विरासत को संभालने के लिए तैयार हैं। अन्वय द्रविड़ ने भारतीय अंडर-19 टीम की ओर के खेलते हुए श्रीलंका के खिलाफ 87 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी के दम पर टीम इंडिया ने 285 रन का आंकड़ा हासिल किया। भारतीय अंडर-19 टीम श्रीलंका दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज खेली जा रही है। दूसरा वनडे 6 जुलाई को हंबनटोटा में खेला गया। भारत के कप्तान यशबर्धन चौहान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लगातार विकेटों के पतन के बीच लग रहा था कि भारत 200 का स्कोर पार कर लेगा तो गनीमत होगी। लेकिन अन्वय द्रविड़ के इरादे कुछ अलग थे। उन्होंने नंबर-5 पर उतरकर 67 गेंदों में 87 रन की पारी खेली। जिसमें 9 चौके और 1 सिक्स शामिल रहा। अन्वय की बल्लेबाजी ने भारत को रफ्तार दी, जिसकी वजह से 285 रन का आंकड़ा हासिल करना संभव हो पाया।

### मध्यप्रदेश की गौरांशी शर्मा का भारतीय टीम में चयन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी की प्रतिभावान खिलाड़ी गौरांशी शर्मा का चयन मलेशिया एशिया पैसिफिक डेफ बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गौरांशी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उनका चयन प्रदेश की खेल प्रतिभाओं एवं समावेशी खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।


# द्रविड़ के बेटे अन्वय का श्रीलंका में तहलका

## 67 गेंदों में ठोक दिए 87 रन


**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बेटे अपने पिता की विरासत को संभालने के लिए तैयार हैं। अन्वय द्रविड़ ने भारतीय अंडर-19 टीम की ओर के खेलते हुए श्रीलंका के खिलाफ 87 रन की तूफानी पारी खेली।

उनकी पारी के दम पर टीम इंडिया ने 285 रन का आंकड़ा हासिल किया। भारतीय अंडर-19 टीम श्रीलंका दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज खेली जा रही है। दूसरा वनडे 6 जुलाई को हंबनटोटा में खेला गया। भारत के कप्तान यशबर्धन चौहान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



**अन्वय ने तेजी से बनाए रन**

लगातार विकेटों के पतन के बीच लग रहा था कि भारत 200 का स्कोर पार कर लेगा तो गनीमत होगी। लेकिन अन्वय द्रविड़ के इरादे कुछ अलग थे। उन्होंने नंबर-5 पर उतरकर 67 गेंदों में 87 रन की पारी खेली। जिसमें 9 चौके और 1 सिक्स शामिल रहा। अन्वय की बल्लेबाजी ने भारत को रफ्तार दी, जिसकी वजह से 285 रन का आंकड़ा हासिल करना संभव हो पाया।

# शनाका ने अमेरिका में चार गेंदों पर झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली**

क्रिकेट में हैट्रिक लेने का कारनामा बहुत कम गेंदबाज काम कर पाते हैं। हैट्रिक यानी तीन गेंदों पर लगातार तीन विकेट। श्रीलंका के एक गेंदबाज ने तो इससे भी बढ़कर का काम किया है। दासुन शनाका ने चार गेंदों पर चार विकेट झटक डाले हैं।

अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में सीटल ओर्कस की तरफ से खेल रहे शनाका ने चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी की टीम टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ आखिरी ओवर में ये काम कर अपनी टीम को जीत दिलाई। जीत के लिए टेक्सास को 121 रनों की जरूरत थी, लेकिन ये टीम 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी। आखिरी ओवर में शनाका को 15 रन बचाने थे। पहली गेंद पर चौका खाने के बाद शनाका ने वापसी की। दूसरी गेंद पर उन्होंने सिर्फ एक रन दिया और फिर अगली चार गेंदों पर चार विकेट लेकर सुपर किंग्स को हार के मुंह में धकेल दिया। उन्होंने पहले फेररा को आउट किया जो सेट थे और मैच निकाल सकते थे।

इस मैच में अगर देखा जाए तो रन बनाने बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल रहे। सीटल की तरफ से भी कोई अर्धशतक नहीं लग सका। कैमरन गेनन 21 गेंदों पर 20 रनों के साथ टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। अली शेख ने 18 रन बनाए। शनाका ने भी 16 रनों का योगदान दिया। टेक्सास की तरफ से अमशी डी सिल्वा ने तीन विकेट लिए। एडम मिल्ने के हिस्से दो विकेट आए।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।